


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद | सम्पादकीय | होली की मस्ती में लापरवाही के तार | मार्च में 4 ग्लोबल टेक-कंपनियों में 8,000 5

वर्ष 18 ● अंक 41 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | भोपाल, गुरूवार 28 मार्च 2024 | email - hindustanexpressbhopal@Gmail.com, hindustanexpresshe@Gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे : प्रधानमंत्री मोदी

## बंगाल में भाजपा प्रत्याशी अमृता रॉय से फोन पर बात की



**नई दिल्ली।** पीएम ने उन्हें बताया कि वे उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सकें कि बंगाल के गरीबों से लूटा गया 3 हजार करोड़ रुपए, ईडी की ओर से भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई संपत्ति के जरिए उन्हीं लोगों को वापस लौटाया जाए। पीएम ने अमृता रॉय से कहा कि यह बात सभी को बताएं। अमृता राय पूर्व राजघराने की सदस्य हैं। वे टीएमसी की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ मैदान में हैं। एक दिन पहले मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की थी।

मोदी की अमृता राय से 8.36 मिनट की चर्चा

**मोदी:** अमृता जी नमस्कार..

**अमृता:** नमस्कार मोदी जी, मै आपकी आभारी हूं जो आपने मुझे लोगों की सेवा करने का चांस दिया है, हम 100 परसेंट कोशिश करेंगे।

**मोदी:** आपका चुनाव अभियान कैसा चल रहा है?

**अमृता:** अभी तो हम निकले हैं। बीजेपी के कार्यकर्ता के पिता का देहांत हो गया है, अभी तो हम यहीं पर हैं। इसके बाद प्रचार पर फिर से निकलेंगे।

**मोदी:** आप महाराजा कृष्ण चंद्र रॉय जी की विरासत को आगे ले जा रही हैं।

**अमृता:** एक बात शेयर करना चाहते हैं, क्या हम कह सकते हैं?

**मोदी:** जी जरूर, मुझे अच्छा लगेगा

**अमृता:** हम महाराजा कृष्ण चंद्र रॉय जी की फैमिली से हैं। इसका ये लोग विरोध कर रहे हैं। बोलते हैं कि ये (महाराजा) ब्रिटिश के साथ थे। हम लोगों को गद्दार समझते हैं। हमने लोगों के लिए जो किया वो नहीं बोल रहे हैं।

इतना जमीन दान किया, लोगों के लिए इतना किया, भलाई के लिए किया वो नहीं बोल रहे हैं। हमारा कहना है कि महाराजा इतना नहीं करते तो हमारा सनातन धर्म खत्म हो जाता। उस वक्त के नवाब सिराजुद्दौला बहुत ही भ्रष्टाचारी, अत्याचारी थे। बहुत सारे राजाओं ने मिलकर दान किया। उनकी मेहनत से ये काम सफल हुआ। अगर ये नहीं होता तो आज हम हिंदू नहीं रह पाते। आज हमारी भाषा दूसरी होती। हमारी वेषभूषा अलग होती। दूसरों के अधीन रहते।

**मोदी:** बचपन में जब हम लोगों को पढ़ाया जाता था, तब कृष्ण चंद्र रॉय के विकास का काम, समाजसुधार का काम, बंगाल के विकास का काम, बंगाल के विकास का मॉडल ये सब सुनने को मिलता था। ये वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग हैं। अनाप-शनाप आरोप लगाएंगे।

300 साल पुरानी पहले की घटना निकालेंगे। बदनाम करने का प्रयास करेंगे। ये लोग अपने वर्तमान पाप छिपाने के लिए ऐसी चीजें ढूंढते रहते हैं, लेकिन जब भगवान राम की बात आती है तो वो कहते हैं कि सबूत कहां है। इतनी पुरानी बात क्यों निकालते हो, लेकिन जब कृष्ण चंद्र रॉय की बात आती है तो तुरंत निकालते हैं। ये इनका दोगलापन है। आपको इसका मन में प्रेशर नहीं लेना चाहिए। आपका स्वयं का जीवन भी लोगों के लिए रहा है।

**मोदी:** आपके सामने बंगाल की विरासत बचाने की चुनौती है। इसे आप किस तरह देखती हैं?

# छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं, यहां सब गड़बड़ है : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने जबलपुर, छिंदवाड़ा और बालाघाट में पार्टी प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल कराया






**छिंदवाड़ा/जबलपुर/बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार जिस प्रकार से काम कर रही है, उससे देश का बच्चा-बच्चा मोदीमय हो चुका है। हमें आने वाले समय में देश को दुनिया का नंबर-1 देश बनाना है, भारत को दिव्य और भव्य बनाना है। बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है, हर विषय पर ध्यान दिया है। देश का दुनिया में सम्मान बढ़े और देश विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे, इसके लिए आप सब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने, उनके साथ चलने का संकल्प लें। छिंदवाडा में पहले कमलनाथ, फिर कमलनाथ की पत्नी, अब बेटा सांसद है, इस परिवारवाद को जनता समाप्त कर क्षेत्र के विकास में भागीदार बनेगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने छिंदवाड़ा के दशहरा मैदान में पार्टी प्रत्याशी श्री विवेक बंटी साहू के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। जनसभा को प्रदेश लोकसभा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। जनसभा के पूर्व पार्टी नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी श्री विवेक बंटी साहू का कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कराया। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने छिंदवाडा के पहले जबलपुर में पार्टी प्रत्याशी श्री आशीष दुबे का नामांकन दाखिल कराया और बाद में बालाघाट पहुंचकर रोड शो किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा के बारे में जानकारी निकाली, तो पता चला कि यहां सांसद तो बनते रहे, लेकिन कभी छिंदवाड़ा के किसी बच्चे को मौका नहीं मिला। जब वोट आप देते हैं और अपना सांसद चुनते हैं, तो आपके बीच का कोई व्यक्ति सांसद क्यों नहीं बनना चाहिए? यहां पर जो आए, वो ऐसे कुंडली मारकर बैठे हैं कि उठने का नाम ही नहीं ले रहे। खुद तो खुद अपने बेटे को ले आए हैं। डॉ. यादव ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि छिंदवाड़ा इसका या उसका गढ़ है, तो यह किसी का गढ़ नहीं है, गड़बड़ है। पिछली बार ही थोड़ी सी कसर रह गई, जहां 20 लाख वोटर हों और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लगातार विकास के काम हो रहे हों, वहां 37000 वोटों का अंतर बड़ा नहीं है। डॉ. यादव ने कहा कि ये खुद को हनुमान भक्त बताते हैं, अगर वास्तव में हनुमान भक्त हैं, तो जाम सांवली के हनुमान मंदिर में एक ईंट क्यों नहीं लगाई?जब भी विकास की बात आई, तो वो भाजपा सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप केंद्र में मंत्री रहे, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, कौन सा पद आपको नहीं मिला? फिर भी चुनाव में भावुकता के आधार बेवकूफ बनाने का खेल चल रहा है। 40 सालों के बाद भी अगर वोट मांगने के लिए रोना पड़ रहा है, तो डूब मरो।

**जो उड़ना चाहता है, जनता उसे हवा में उड़ाना जानती है**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास के मामले में छिंदवाड़ा कहां है आपने इतने सालों तक क्या किया है? कब तक भोले-भाले लोगों को बेवकूफ बनाओगे? आपने अपना पूरा जीवन बना लिया और अब कम पड़ा तो अपने बेटे को ले आए। आप कोई राजा-महाराजा हो क्या? डॉ. यादव ने कहा कि ये 56 इंच सीने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, आप जिनकी जय-जयकार करते रहे हो अब उनके ही ठिकाने नहीं पड़ रहे हैं।

# पावर फेल होने पर अमेरिकी ब्रिज से टकराया था जहाज

## राष्ट्रपति बाइडेन ने की भारतीय क्रू की तारीफ

आर.एन.एस.

**मैरीलेंड।** अमेरिका के मैरीलैंड में जहाज टकराने से बाल्टीमोर का फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज अमेरिकी समयानुसार सोमवार देर रात गिर गया था। कोस्ट गार्ड अधिकारी एडमिरल शैनन गिलरीथ ने मंगलवार शाम बताया की कि घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद लापता 6 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है।

एडमिरल ने कहा- हमने कई घंटों तक पेटाप्सको नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। पानी के तापमान और दूसरे फैक्टर्स के आधार पर हमारा मानना है कि नदी में गिरे 6 लोगों का जीवित होना अब बेहद मुश्किल है। इसे देखते हुए हम एक्टिव सर्च ऑपरेशन बंद कर रहे हैं। हालांकि, कोस्ट गार्ड और दूसरे अधिकारी अब भी यहां मौजूद रहेंगे। वहीं दाली जहाज पर मौजूद 22 क्रू सदस्य भारतीय थे, वे सभी सुरक्षित हैं। सीएनएन न्यूज के मुताबिक, मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा कि जहाज के क्रू ने समय पर खतरे की जानकारी दे दी। इसकी वजह से ब्रिज पर ट्रैफिक को रोक दिया गया और कई लोगों की जान बच गई। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इसके लिए भारतीय क्रू की तारीफ की।

# मप्र विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आज रावतपुरा धाम जायेंगे

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज 28 मार्च को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर प्रातः 10:30 बजे ग्वालियर से प्रस्थान करेंगे। श्री तोमर दोपहर 12:00 बजे रावतपुरा आश्रम में संत श्री रविशंकर जी महाराज (रावतपुरा सरकार) से सौजन्य भेंट करेंगे। दोपहर 12:30 बजे लहार के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। दोपहर 01:00 बजे होली मिलान समारोह (स्थानः सरयू वाटिका, लहार) में शामिल होंगे। तत्पश्चात् दोपहर 02:00 बजे लहार से असवार-देवड़ा-मौ-बेहट होते हुए ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे। सायं 07:00 बजे चतुर्थ श्याम वार्षिक संकीर्तन कार्यक्रम (स्थानः रेशम तारा बेंक्वेट एवं रिसोर्ट, न्यू कलेक्ट्रेट के पीछे, न्यू सिटी सेण्टर, ग्वालियर) के कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।





# बिहार : लोकमान्य तिलक ट्रेन के एसी कोच में लगी आग, लोगों ने कूदकर बचाई जान

आर.एन.एस.

**आरा।** बिहार के आरा में लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन की एसी बोगी में लगी आग लगने की खबर आ रही है. कई यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर जान बचाई. जानकारी के मुताबिक ट्रेन में शॉर्ट सर्किट से एक गाड़ी के एसी बोगी में आग लगी. दरअसल पूरा मामला बिहार के भोजपुर अंतर्गत दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के कारीसाथ स्टेशन के पास का बताया जा रहा है. जहां होली स्पेशल ट्रेन में आग लग गई. आग ट्रेन की एसी बोगी में लगी है. ट्रेन 01410 होली स्पेशल दानापुर से लोकमान्य तिलक जा रही थी।

बताया जा रहा है कि दानापुर से मुंबई जा रही होली स्पेशल में रात लगभग 2 बजे अचानक शार्ट सर्किट हुआ और कुछ ही देर में ट्रेन के एसी बोगी में आग लग गई. होली की वजह से ट्रेन में यात्रियों की संख्या बेहद कम थी, इस कारण अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. इस बीच रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है जिसपर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ता मनाएंगे असली होली : ज्योतिरादित्य सिंधिया

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में कुशवाह समाज के होली मिलन समारोह में शामिल होकर किया संबोधित

**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई गई। 370 के आंकड़े से भारतीय जनता पार्टी का भावनात्तम संबंध है। पार्टी के पितृ पुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए बलिदान तक दे दिया। इसलिए हम सभी को मिलकर इस बार हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी में 370 नए मतदाताओं को जोड़ना है। श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ता असली होली खेलेंगे। श्री मोदी जी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने के लिए भाजपा को अपने मत रूपी आशीर्वाद दें। यह बात केंद्रीय मंत्री व गुना लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में कुशवाहा समाज के साथ होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कुशवाह समाज के आप सभी लोग हमारे परिवार के सदस्य हैं। मैं गुना लोकसभा क्षेत्र के लोगों को मतदाता नहीं, हमेशा से अपने परिवार का सदस्य माना है। अयोध्या में भगवान श्रीराम 500 वर्षों बाद अपने महल में होली मना रहे हैं। मेरा सौभाग्य है कि मैं प्रभु श्रीराम के पुत्र कुश के वंशज कुशवाह समाज के लोगों के साथ होली मना रहा हूं। सम्राट अशोक व सम्राट चंद्रागुप्त मौर्य की वीरता और क्षमता आपके समाज में है और वैसे ही भगवान बुद्ध की शालीनता आपके समाज में है।



केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कुशवाह समाज के साथ मेरे परिवार के साथ पीढ़ियों का संबंध है। मैंने हमेशा आपके कष्ट में साथ दिया। कोरोनाकाल में आपके साथ रहा और आपने मेरा साथ दिया तो मेरी जिंदगी भी आपकी हो जाएगी। कुशवाह समाज और मराठा समाज एक जैसा ही है, एक हाथ में हल और एक हाथ में तलवार लेकर चले और देश को कुर्बानी की जरूरत पड़ी तो कुशवाह समाज और मराठा समाज सबसे पहले कुर्बानी देने आगे आएंगे।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री नारायण सिंह कुशवाह, ग्वालियर लोकसभा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री देवेन्द्र जैन, पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री राजू बाथम, श्री गंगा राम बघेल, श्री मुन्नालाल कुशवाह, श्री नरेश कुशवाह, श्री जसवंत भागीरथ कुशवाह, श्री राजकुमार कुशवाह, श्री रामलखन कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कुशवाह समाज के लोग व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एअर इंडिया से टकराया इंडिगो विमान, पंख टूटकर गिरा

## कोलकाता एयरपोर्ट की घटना, डीजीसीए ने इंडिगो के दोनों पायलटों को हटाया

आर.एन.एस.

**नईदिल्ली।** कोलकाता एयरपोर्ट पर बुधवार को रनवे पर खड़े एअर इंडिया विमान से इंडिगो की फ्लाइट टकरा गई। इस टक्कर से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा है। एअर इंडिया फ्लाइट के पंख का एक हिस्सा टूटकर गिर गया।

इस घटना को लेकर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही इंडिगो के पायलट और को-पायलट दोनों को ऑफ ड्यूटी कर दिया गया। डीजीसीए के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना इंडिगो की ए320 वीटी-आईएसएस फ्लाइट और एअर इंडिया एक्सप्रेस 737 वीटी-टीजीजी के बीच की है।

एअर इंडिया का विमान चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाला था और वह रन वे पर आने का इंतजार कर रहा था। तभी



इंडिगो की फ्लाइट रनवे से आकर एयर इंडिया के विमान ये टकरा गई। जिससे पंख को नुकसान पहुंचा।

अधिकारी ने कहा, हमने मामले की जांच के आदेश दिए हैं और इंडिगो एयरलाइंस के दोनों पायलटों को ऑफ-रोस्टर कर दिया गया है। जांच के दौरान ग्राउंड स्टाफ से भी पूछताछ की जाएगी। दोनों उड़ानों को जांच के लिए रोक दिया गया है।

# जमानत देते समय ऐसी कोई शर्त नहीं लगाई जा सकती जिससे किसी के मौलिक अधिकारों का हनन हो

## सुप्रीम कोर्ट ने उलट दिया उड़ीसा हाईकोर्ट का फैसला

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश में कहा कि निचली अदालतों में जमानत देने की शर्तों में 'राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होने' को शामिल नहीं किया जा सकता। इससे व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन होता है। इसके साथ ही शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश को पलट दिया। जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जमानत देते हुए ऐसी कोई शर्त नहीं लगाई जा सकती, जिससे किसी के मौलिक अधिकारों का हनन होता हो। राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध संवैधानिक स्वतंत्रता का भी उल्लंघन है। पीठ ने यह आदेश उड़ीसा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर पारित किया।

ओडिशा के बहरामपुर नगर निगम के पूर्व मेयर सिबा शंकर दास ने हाईकोर्ट के 18 जनवरी को पारित आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने जमानत की शर्त वापस लेने की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा था कि दास सार्वजनिक रूप से कोई अप्रिय स्थिति पैदा नहीं करेंगे। वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी राजनीतिक गतिविधि में भी शामिल नहीं होंगे। आदेश को दोषपूर्ण बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसी शर्त अपीलकर्ता के मौलिक अधिकारों का हनन करती है। इसे लागू नहीं किया जाना चाहिए।



### यह है मामला

बहरामपुर नगर निगम के पूर्व मेयर और भाजपा नेता सिबा शंकर दास को 11 अगस्त, 2022 को जमानत देते हुए निचली अदालत ने शर्त लगाई थी कि वह किसी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। दास ने जमानत की शर्तों में सुधार की अपील करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने उनकी अपील नामंजूर कर दी थी। इसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

# केजरीवाल मामले में बयान को लेकर अमेरिकी राजदूत को किया तलब

आर.एन.एस.

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका के बयान के एक दिन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। वे दोपहर 1.10 बजे विदेश मंत्रालय पहुंची। बैठक 40 मिनट चली।

इसके बाद विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के बयान का विरोध भी किया। कहा, भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक दूसरे के आतंरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे।

दरअसल, जर्मनी के बाद मंगलवार को अमेरिका ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर बयान दिया था। शराब नीति घोटाला मामले में ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

**विदेश मंत्रालय ने कहा- भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र**

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा, अगर 2 देश लोकतांत्रिक हों तो इसकी उम्मीद और बढ़ जाती है, नहीं तो अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। भारत में कानूनी प्रक्रिया एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं। उस पर कलंक लगाना या सवाल उठाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जर्मनी की डिप्लोमैट भी तलब, विदेश मंत्रालय ने कहा- दखलंदाजी न करे

जर्मनी के बयान पर भारत ने उनकी एम्बेसी के डिप्टी हेड को तलब किया था। जर्मनी भारत के आतंरिक मामलों में दखलंदाजी न करे। हम इस तरह के बयानों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में दखल मानते हैं, इस तरह के बयान हमारे न्यायालय की निष्पक्षता और आजादी पर सवाल खड़े करते हैं।

# भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के नामांकन दाखिले में उमड़ा जन सैलाब





(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए घोषित प्रत्याशी सांसद हिमाद्री सिंह के नामांकन दाखिले में पहुंचे भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार, कहा अबकी बार 400 पार, सड़कों पर उमडा जन सैलाब, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह के साथ अनूपपुर स्मार्ट सिटी से नामांकन रैली को लेकर अनूपपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर शहडोल सांसद भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल भाजपा प्रदेश महामंत्री शहडोल संभाग के प्रभारी सत्येंद्रू तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, विधायक मनीषा सिंह, अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह (पूर्व मंत्री) विधायक जय सिंह मरावी (पूर्व मंत्री), धर्मेंद्र कुमार जिला प्रभारी मिथिलेश प्यासी, प्रकाश जगवानी ,अनूपपुर जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, शहडोल जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ,उमरिया जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय, कटनी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, मनोज द्विवेदी अनूपपुर की गरिमा में उपस्थिति में नामांकन रैली एवं आम सभा का आयोजन किया गया।

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में हुआ नामांकन दाखिला

### हमारा देश आर्थिक महाशक्ति बनेगा

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के नामांकन दाखिले में पहुंचे मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया ,देश यह समझ चुका है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है यह चुनाव हमारे बच्चों के भविष्य बचाने का चुनाव है आज सभी लोग इस चीज को समझ चुके हैं ।जो लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं वह भारत को मजबूत कर रहे हैं कोई सोच भी नहीं था कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पक्का मकान फ्री उपचार अच्छी सड़के रेलवे लाइन का विस्तार स्टेशनों का कायाकल्प धारा 370 राम मंदिर निर्माण कश्मीर समस्या का समाधान जैसे अनेक कार्य जनहित में करेंगे। कांग्रेस की सरकारों ने देश को दीमक की तरह खोकला कर रही थी, भाजपा सरकार आने के बाद देश के अंदर गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई जिसका लाभ गरीब युवा महिला किसान हर वर्ग को मिला।

### सुशासन के दम पर पांचवें नंबर पर अर्थव्यवस्था

कांग्रेस सरकार में हमारे देश की अर्थव्यवस्था 11 नंबर पर थी देश में भाजपा सरकार बनने के बाद लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों एवं सुशासन के दम पर आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। 2047 में हमारा देश आर्थिक रूप से महाशक्ति बनेगा ,राम मंदिर का विरोध करने वाले का आज उन्हीं के दल के लोग उन्हें अलविदा कह रहे हैं, शहडोल संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए अनेक सौगात भाजपा सरकार में दी गई मेडिकल कॉलेज नागपुर ट्रेन स्टेशनों का कायाकल्प पासपोर्ट कार्यालय तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य किया गया डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह को प्रचंड मतों से विजय दिलाने की अपील कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस से की। सांसद एवं मंत्री ने किया सभा को संबोधित किया।

# इंजीनियर कुलपाल सिंह जायवाल के निधन पर शोक जताया

–हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज–

**मिर्जापुर।** इंजीनियर कुलपाल सिंह जायसवाल का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। इनके निधन पर स्वजातीय बंधुओं ने शोक व्यक्त किया है।



अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा है कि हमने अपना एक मित्र, मार्गदर्शक, एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता और एक शुभचिंतक खो दिया है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार के सदस्यों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक संदेश में कहा गया है कि मिर्जापुर में सामुदायिक भवन का निर्माण और अन्य कार्यों में उनके निःस्वार्थ प्रयासों के लिए उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा।

शोक व्यक्त करने वालों में संजय जायसवाल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संरक्षक भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा, प्रदेशाध्यक्ष जायसवाल सर्ववर्गीय सभा छत्तीसगढ़, राकेश जायसवाल, कैलाश जायसवाल, एडवोकेट दिलीप जायसवाल, भारत जायसवाल, घनश्याम मेश्राम, डॉ. संदीप भण्डारकर, डॉ. प्रीति इजारदार, राजेश जायसवाल, रतन बावनथड़े, अर्चना-कैलाश जायसवाल, जुगलकिशोर गुप्ता, रामेश्वर मेवाड़ा, मंजूराम, सी.मुरूगेशन नाडार, विजय जायसवाल, पियूष जायसवाल, पी.एस. कुमार, क्लीन जायसवाल, रामसंतोष गुप्ता, रामशिरोमणि जायसवाल, कौन्तेय जायसवाल, मधु चौकसे, साधना जायसवाल, संजय कालिया, माधुरी कुमारी (मधु), मनोजराम, मंगललाल जायसवाल, राजा गुप्ता, धर्मेन्द्र जायसवाल, सी.ए. हरीशंकर जायसवाल, हृदेशराम विद्यासागर जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, अर्जुनलाल दोहारे, इंजीनियर कुलदीप राम, कृष्णा जायसवाल, राजूभाई जायसवाल, रघुनाथ सिंह राय, सीए आशीष कटकवार, लालाराम चौकसे, नाथूलाल सुबालका, मोजेलाल जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, स्वामी संतोषानंद, राजो मालवीय, संजीव जायसवाल, मनीष जायसवाल, सुनैना जायसवाल आदि शामिल हैं।

### लोकसभा निर्वाचन हेतु नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन छः नामांकन हुए दाखिल

**अनूपपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार पहले चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन बुधवार को 12 (अ.ज.जा.) शहडोल लोकसभा क्षेत्र के लिए छः अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के समक्ष इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी फुन्देलाल सिंह मार्को, भारतीय जनता पार्टी की अभ्यर्थी हिमाद्री सिंह, बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी धनीराम कोल, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी की अभ्यर्थी दुर्गा भरिया, निर्दलीय अभ्यर्थी केशकली बैगा तथा निर्दलीय अभ्यर्थी गुन्जान ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

# नवागत अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने पदभार गृहण किया

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के आदेश द्वारा अमन वैष्णव (आई.ए.एस.) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रतलाम का स्थानांतरण अपर कलेक्टर, जिला अनूपपुर किया गया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश तथा म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भारमुक्ति एवं कार्यभार ग्रहण करने की प्रदाय अनुमति तथा कलेक्टर जिला रतलाम के भारमुक्ति आदेश के तारतम्य में अमन वैष्णव (आई.ए. एस.) द्वारा रविवार 24 मार्च को प्रभार दिलीप कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर (प्रभारी अपर कलेक्टर) से ग्रहण किया है।

# विकास के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहूंगी: संध्या राय

## श्रीमती संध्या राय भारी बहुमत से विजयी होंगी: डॉ. भदौरिया

–हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज–

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड दतिया लोकसभा सांसद पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश सरकार में रहे पूर्व सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया के अटेर विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में तूफानी जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता से समर्थन मांगा।और चुनावी सभा को संबोधित किया।

मध्य प्रदेश सरकार में रहे पूर्व सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ने हमेशा समाज को तोड़कर तुष्टिकरण की राजनीति की है जिनका कोई वजूद नहीं है हमेशा समाज को गिरना से देखते रहे आज वह चुनाव में है हम सब ऐसे प्रत्याशियों को चुने जो हमेशा जनता के बीच रहे विकास की बात करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने में दिल्ली पहुंचकर सहयोग करें उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं की वर्तमान सांसद पार्टी प्रत्याशी संध्या राय हमेशा आपके बीच ही रहकर विकास की बात करेंगे और हमेशा उनका स्वभाव से हम सब परिचित हैं और योग और शिक्षित महिला आपके चुनाव में महासागर में है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबको समाज लेकर कार्य करने वाली राजनीतिक दल है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने के लिए संध्या राय आपके चुनाव के मैदान में है आप उन्हें प्रत्येक पोलिंग बूथ पर 7 में को होने जा रहे चुनाव भी महासमर में प्रचंड बहुमत के साथ जीतकर उन्हें दिल्ली पहुंचा और मैं उनकी विकास की गारंटी अपने कंधों पर लेता हुं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह हमें कोई चूक नहीं करना है हमेशा विकास के क्रम में अटेर जुड़ा रहा है और आगे भी जोड़ने रहेंगे मैंने अपने कार्यकाल में 5000 करोड़ के विकास कार्य कर कर अटेर कोई विकसित विधानसभा बनाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा यह चुनाव भारत के स्वाभिमान भारतीय संस्कृति सनातन धर्म सुरक्षा एवं गरीब कल्याणकर के लिए नरेंद्र मोदी को हम सब मिलकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए संध्या राय को चुने। उन्होंने कहा मैं प्रत्येक क्षेत्रीय जनता और कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा हमें किसी से भी डरना नहीं है प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस मुक्त होकर भाजपा को जीतने प्रत्येक समाज अपनी अहम भूमिका निभाई। इसी दौरान पार्टी प्रत्याशी श्रीमती राय का प्रत्येक समाज ने रोड़ी से तिलक करते हुए उनका सम्मान किया और पैदल चलकर हर मतदाता के घर-घर दरवाजे पर पहुंचकर भाई दूज की शुभकामनाओं के साथ मोदी गुलाल लगाकर उनकी राम-राम भी कहीं और पार्टी के लिए समर्थन मांगा।

### भाजपा सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी संध्या राय ने पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया के साथ अटेर क्षेत्र के अनेक ग्रामों में किया जनसंपर्क



भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राय के साथ अखिल भारतीय लोधी छतरी महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह नरवरिया नेवी संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को जिताने की जनता से अपील की अटेर विधानसभा क्षेत्र के पीपरी मंडल के लावन गोपालपुरा,पिडोरा रेंपुरा पीपरी पाली,पवई मसूरी में पहुंचकर जनसंपर्क कर मतदाताओं से रूबरू हुए और मोदी को लाल लगाकर राम-राम कही वही चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा को जिताने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास जताते हुए दूसरी बार प्रत्याशी बनाकर भेजा है मैं आपसे इतना ही कहूंगी एक मौका नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए मुझे दें ताकि मैं विकास के लिए और अधिकार कर सकूं। उन्होंने कहा विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है क्षेत्रीय जनता की आवाज को लोकसभा सदन में हमेशा उठती रही और भिंड रेलवे स्टेशन अमृत योजना के साथ-साथ ओवर ब्रिज मेडिकल कॉलेज नगर पालिका से नगर निगम नेशनल हाईवे रोड तथा सैनिक स्कूल ऐसे अनेक क्षेत्रीय जनता से जुड़े हुए विकास कर्म को मैंने आगे बढ़ने का कार्य किया है।

भाजपा सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी श्रीमती राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए नारी शक्ति बंधन बिल पास करते हुए उन्हें आगे बढ़ने का कार्य किया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है चुनाव

पार्टी प्रत्याशी श्रीमती राय ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है मैं तो मात्र माध्यम हूं प्रत्याशी स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मेरे क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी के साथ हम अंतिम छोड़ तक के व्यक्ति तक पहुंच कर 7 में को होने जा रहे चुनाव में प्रत्येक मतदान केंद्र पर आप सभी का आशीर्वाद मुझे मिले मैं आपको आशा और विश्वास के साथ कहना चाहूंगी कि हमेशा आपके बीच ही रहकर विकास को प्राथमिकता के आधार पर मैं कार्य करूंगी।

जनसंपर्क में पार्टी के मंडल अध्यक्ष राय सिंह नरवरिया ग्राम पंचायत सरपंच सुघर सिंह नरवरिया, पूर्व सरपंच लालजी सिंह नरवरिया सरपंच सनोज सिंह नरवरिया पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया थान सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष थान सिंह भदौरिया बजरंग सिंह भदौरिया अनिल सिंह भदौरिया पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुरदेव सिंह नरवरिया भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया विस्तारक चंद्रकांत सिंह परिहार के वरिष्ठ नेता शामिल रहेंगे।

# सुपरस्टार सिंगर 3 में चंडीगढ़ लाइसेल राय को मिली 'छोटी नेहा' की उपाधि

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर बच्चों के देसी सिंगिंग रियलिटी शो में इस शनिवार सुपरस्टार सिंगर 3 के साथ एक मनमोहक म्यूजिकल जश्न के लिए तैयार हो जाइए! अपने बहुप्रतीक्षित 'भव्य प्रीमियर' जिसका टाइटल 'जन्मोत्सवः जन्म सितारों का' है, के साथ यह शो देश भर के टॉप 15 डायनामाइट्स पर प्रकाश डालेगा। 'दिल दियां गल्लां' पर अपनी परफॉर्मेंस से सभी को हैरान कर देंगी। और, एक दिल छू लेने वाले पल में, होस्ट रोहनप्रीत लाइसेल राय को एक विशेष उपहार के साथ सरप्राइज देंगे। वो नेहा को एक कस्टमाइज्ड जैकेट देंगे जिस पर 'छोटी नेहा' लिखा हुआ है और साथ ही एक तारीफ भी होगी कि उनमें उनकी पत्नी, सुपर जज नेहा कक्कड़ के जैसे गायन गुण हैं।



सम्मानित सुपर जज नेहा कक्कड़ द्वारा निर्देशित और कप्तान सलमान अली, पवनदीप रंजन, अरुणिता कांजीलाल, मोहम्मद दानिश और सायली कांबले द्वारा समर्थित, ये उभरते सितारे अपनी संगीत प्रतिभा को विकसित करने के लिए एक सफर पर निकलेंगे। इस भव्य प्रीमियर में आकर्षण और मनोरंजन की एक अतिरिक्त परत जोड़ने वाले प्रतिभाशाली गायक, रोहनप्रीत सिंह होंगे, जो अपने अनोखे अंदाज के लिए मशहूर हर्ष लिम्बाचिया के साथ, शो के होस्ट के रूप में सिंगिंग और कॉमेडी के जबर्दस्त तालमेल के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

सुपरस्टार सिंगर 3 की अपनी पंजाब दी कुड़ी, चंडीगढ़ की 14 साल की लाइसेल राय 'टाइगर जिंदा है' के गाने

लाइसेल राय की परफॉर्मेंस से मंत्रमुग्ध होकर सुपर जज नेहा कक्कड़ ने कहा, 'लाइसेल, जब आप परफॉर्म करती हैं तो आपका आत्मविश्वास मुझे हमेशा हैरान कर देता है, और मैं वाकई इसके लिए आभारी हूं। हर परफॉर्मेंस के बाद आपको मान्यता प्राप्त होते देखना कितना आनंददायक होता है; यह स्पष्ट है कि लोग कितने उत्साहित हैं। मैं आपकी प्रतिभा की प्रशंसा करता हूं। आपको गाते हुए देखकर मेरा दिल गर्व से भर जाता है। हम सभी जानते हैं कि इस इंडस्ट्री में, एक गायक दूसरे को आगे के सफर की जिम्मेदारी दे सकता है, और मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर मैं कभी पीछे हटने का फैसला करती हूं, तुम्हें मेरी जगह पर कदम रखते देखकर मुझे बेहद खुशी होगी।'

इस सुंदर परफॉर्मेंस से हैरान होकर कैप्टन सलमान अली ने कहा, 'लाइसेल, आपने आज वाकई 'छोटी नेहू' नाम की प्यारी उपाधि हासिल की है, और यह आप पर बहुत अच्छा लगता है। आपका गायन न केवल नेहा मैम से मिलता जुलता है, बल्कि उनकी शैली और अपील को भी दर्शाता है। आपकी गाने की प्रस्तुति बिल्कुल प्यारी थी, खासकर जब से नेहा मैम ने इसे शो में गाया है; यह आपकी प्रतिभा के बारे में बहुत कुछ कहता है। और पवन दादा, आपके प्रदर्शन ने मुझे हैरान कर दिया; यह वास्तव में अविश्वसनीय था। चमकते रहो!'

इन कमेंट्स में आगे जोड़ते हुए, कैप्टन सायली कांबले ने कहा, 'आपकी परफॉर्मेंस शुरू से ही मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। जब आपने और पवनदीप ने एक साथ गाया, तो ऐसा लगा जैसे हम एक लाइव कॉन्सर्ट में थे; मैं पूरी तरह से भूल गया कि हम एक शो के सेट पर थे। पवन दादा की गायकी में अनोखी ऊर्जा है; यह बस हवा में जादू से भर देता है। लाइसेल और पवन दादा के बीच की जुगलबंदी जादुई थी; उनकी आवाज़ बहुत खूबसूरती से मिश्रित हुई। आज, जब हम 'जन्मोत्सव-जन्म सितारों का' मना रहे हैं, तो ऐसा लगता है जैसे लाइसेल का पुनर्जन्म हो गया है। आपका गायन सचमुच उत्तम था; यह एक यादगार परफॉर्मेंस थी।'

इस शनिवार, देखिए सुपरस्टार सिंगर 3 का ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन परइस शनिवार, !

# 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में अपने किरदार के लिए ज़ान खान ने सचमुच छिदवाया कान

जाने-माने टेलीविजन एक्टर ज़ान खान, जो इस समय सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'कुछ रीत जगत की ऐसी है' में नरेन की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं, स्क्रीन पर अपनी करिश्माई उपस्थिति से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। जहां वे शो में सहजता से 'नरेन' के किरदार में जान फूंक रहे हैं, वहीं प्रामाणिकता की बात आने पर ज़ान एक कदम आगे निकल गए।



पारंपरिक अभिनय के ढांचे से मुक्त होकर, एक साहसी कदम में, ज़ान ने अपने किरदार में फिट उतरने के लिए अपना कान छिदवाया। ज़ान क्लिप-ऑन इयररिंग्स भी इस्तेमाल कर सकते थे, लेकिन उन्हें लगा कि यह उनकी कला के साथ नाइंसाफी होगी।

अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए ज़ान खान कहते हैं, 'एक्टिंग का मतलब सिर्फ लाइनें बोलना नहीं है; यह एक किरदार को मूर्त रूप देने के बारे में है। जब मौका मिला, तो मैंने सोचा कि क्यों न कान छिदवाने का प्रयास किया जाए! यह मेरे जीवन में पहली बार था, जब मैंने पियर्सिंग कराई थी। मैंने इसे पहले कभी नहीं किया था, लेकिन चूंकि शो में मेरे किरदार ने इसे पहना था, इसलिए मैंने क्लिप-ऑन इयररिंग का उपयोग करने के बजाए असली इयररिंग पहनने का फैसला किया।'

आगे बताते हुए ज़ान ने कहा, 'यह एक बहुत ही दर्दनाक प्रक्रिया थी, लेकिन मुझे खुशी है कि लोगों को यह लुक पसंद आया। यह केवल सतही परिवर्तन नहीं था; बल्कि यह उस किरदार और कहानी के साथ ज्यादा करीबी से जुड़ने का एक जरिया था। इसी तरह की कमिटमेंट मैं हर भूमिका में अपनाता हूँ, क्योंकि यह मुझे ज्यादा विश्वसनीय और सम्मोहक प्रदर्शन करने की अनुमति देता है।'

देखिए 'कुछ रीत जगत की ऐसी है', सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर।

### चुनाव आयोग के जनरल आब्जर्वर आईएएस शांतनु गोतमारे जिले के प्रवास पर

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु शहडोल संसदीय क्षेत्र 12 (अ.ज.जा.) के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2004 बैच के शांतनु गोतमारे (मोबाइल नम्बर 8878283087) को सामान्य प्रेक्षक (जनरल ऑब्जर्वर) नियुक्त किया गया है। संसदीय क्षेत्र शहडोल के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक का अनूपपुर जिला आगमन 26 मार्च 2024 को हो गया है। सामान्य प्रेक्षक शांतनु गोतमारे का ई-मेल आईडी gobshahdol12@gmail.com है तथा लैण्ड लाइन/ फैक्स नम्बर 07659299103 है। निर्वाचन संबंधी शिकायत एवं समस्याओं के संबंध में दिए गए दूरभाष नंबर तथा ई-मेल आईडी पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।



# दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी कार पलटी, एक की मौत, एक दर्जन घायल

**ग्वालियर।** दर्शन कर वापस घर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक किशोर की मौत हो गई और करीब एक दर्जन के लगभग यात्री घायल हो गए। हादसा महाराजपुरा थाना क्षेत्र के झांसी हाइवे स्थित बालाजी ढाबा के पास बुधवार की तड़के पांच बजे के करीब की है। हादसा का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कार से बाहर निकाला। हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर मृतक का शव पीएम हाउस में भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार भिण्ड निवासी तीन परिवार दो दिन पहले बागेश्वर धाम पर होली मनाने के लिए गए थे। बीती रात कार से तीनों परिवार वापस घर आ रहे थे और अभी वह महाराजपुरा थाना क्षेत्र स्थित झांसी वायपास पर बालाजी ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि तभी अचानक कार अनियंत्रित हो गई और पहले डिवाइडर से टकराई। चालक ने कार को नियंत्रण करने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका और कार सड़क किनारे गड्ढ़े में जाकर पलट गई। कार के पलटते ही उसमें सवार यात्रि फंस कर रह गए, क्योंकि कार के पहिए ऊपर थे और छत नीचे थी, जिससे उसमें सवार यात्रि भी उल्टे हो गए थे और पैर फंसने के कारण निकलने में असमर्थ थे। उनकी चींख सुनकर वहां से गुजर रहे वाहन चालक रूके और बचाव में जुट गए, लेकिन कार उल्टी होने के कारण घायलों को निकालने में असमर्थ रहे तो पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और बचाव में जुट गए। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। हादसे में कार सवार अशोक श्रीवास, दिनेश सिंह तोमर, मीना तोमर, रीना शर्मा, किशन स्वरूप शर्मा, प्रवीण शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, जय प्रकाश श्रीवास तथा दो अन्य घायल हुए। वहीं कार में सवार हर्षित 14 साल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंसों की मदद से उपचार के लिए भिजवाकर मृतक का शव पीएम हाउस पहुंचा दिया है।

# 2.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से ऊपर दिन का पारा

## - मार्च में पहली बार 37.9 डिग्री सेल्सियस हुआ

**ग्वालियर।** चैत्र का महीना लगते ही ग्वालियर में गर्मी हावी होने लगी है, तापमान सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। यह लगभग 10 दिन बाद हुआ है। वहीं मार्च महीने में पहली बार अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया ।यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ।

स्थानीय मौसम कार्यालय के अनुसार बुधवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज हुआ है। इससे पहले 24 मार्च रविवार को सर्वाधिक गर्म दिन अधिकतम तापमान 37.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। इसी तरह मंगलवार को न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर दर्ज हुआ। उल्लेखनीय की ग्वालियर में इससे अधिक दिन का तापमान 19 फरवरी को 32.4 डिग्री



सेल्सियस दर्ज हुआ था उसके बाद तापमान में लगातार उतार चढ़ाव चलता रहा। लेकिन 32 डिग्री से ऊपर दिन का तापमान नहीं पहुंचा था । लगभग 10 दिन से तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ था । इस दौरान गर्मी से भी राहत मिल रही थी ।लेकिन बीते दिन रविवार को दिन का तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।यह भी सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। इसी तरह बीते दिन मंगलवार को अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस आ गया था लेकिन बुधवार को चार अंक बढ़कर 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यह सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस अधिक आंका गया। इसी तरह मंगलवार को न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस एका गया था लेकिन बुधवार को 1.3 अंक बढ़कर 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। स्थानीय मौसम कार्यालय प्रभारी हुकुम सिंह ने बताया कि एक और नया पश्चिम विक्षोभ बनकर तैयार है। संभवतः आगामी 24 घंटे बाद सक्रिय होकर ग्वालियर अंचल में प्रभाव दिखा सकता है। हालांकि बारिश की ज्यादा संभावना नहीं है।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत का हुआ शुभारंभ



**ग्वालियर।** भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार को अशोक कॉलोनी मुरार में हुआ। कथा के यजमान जितेंद्र तोमर सपत्नीक पोथी को सिर पर रखकर कलश यात्रा में चले। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु पीले वस्त्र पहनकर भजन गाकर चल रहे थे। कथा के पहले दिन बुधवार को पंडित संतोष शर्मा ने व्यास गद्दी से कथा का महत्व समझाया। पंडित संतोष शर्मा ने कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुये अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन, कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलायें भी शामिल हुई। कथा का समय दोपहर एक बजे से पांच बजे तक है। वहीं समापन 3 अप्रैल को भंडारे के साथ होगा।

# स्वच्छता के रंगों से हुआ सफाई मित्रों का सम्मान

**ग्वालियर ।** होली के अवसर पर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देने और सफाई मित्रो का हौसला बढ़ाने के लिए शहरवासियों ने माधौगंज थाने के पास, मुरार में सदर बाजार आदि स्थानों पर स्वच्छता के 5 रंगों से इक दूजे को गुलाल लगाया। इसके साथ ही सफाई मित्रों का भी सम्मान किया गया।

अपर आयुक्त विजय राज ने बताया कि शहर में इस वर्ष पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए गाय के गोबर से बने उपलों की होली जलाई गई । इसके साथ ही सफाई मित्रों का भी सम्मान आम नागरिकों द्वारा किया गया । शहर में सफाई का संदेश देने के लिए होलिका दहन स्थलों पर स्वच्छता के 5 रंगों से गुलाल लगाया गया। सफाई मित्रों का सम्मान समारोह ग्वालियर पूर्व विधानसभा में मुरार सदर बाजार एवं दक्षिण विधानसभा में माधोगंज थाने के पास आमजनों द्वारा आयोजित किया गया। आमजनों ने सफाई मित्रो को माला पहना कर सम्मानित किया, साथ ही सभी ने मिलकर सफाई मित्रो को गुलाल लगाया और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की। सभी आम नागरिकों ने इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ भी ली।

## निगम अमले ने हटाया अवैध अतिक्रमण

**ग्वालियर ।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान ने बताया कि निगम के अमले ने बुधवार को पिन्टो पार्क पुलिस चौकी से पिन्टो पार्क तिराहा गोलम्बर तक मुख्य मार्गो के दोनों ओर खड़े यातायात में बाधक हाथ ठेलो एव अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया।

# लिखित अनुमति के बिना निजी सम्पत्ति पर नहीं कर सकेंगे विज्ञापनः जिला दण्डाधिकारी

**ग्वालियर ।** लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान निजी अर्थात अशासकीय परिसम्पत्ति को भी भवन स्वामी की अनुमति के बिना स्याही, खड़िया रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके विरूपित करना संज्ञेय एवं दण्डनीय अपराध होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया है कि निजी सम्पत्ति पर भी भवन स्वामी की अनुमति के बगैर कुछ लिखा जाता है या झण्डे बैनर इत्यादि लगाए जाते हैं तो ऐसा करने वाले के खिलाफसम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि जो कोई भी व्यक्ति या राजनैतिक दल या उम्मीदवार शासकीय भवन या कोई भी सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुमति के बिना सम्पत्ति का विरूपण करेगा तो उसके खिलाफ एक हजार रूपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा। सम्पत्ति के अन्तर्गत भवन, झोपड़ी, संरचना, दीवार, वृक्ष, खम्बा (पोस्ट) स्तम्भ या कोई अन्य परिनिर्माण शामिल होगा। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भवन स्वामी की लिखित सहमति के बाद झण्डे, पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन व फ्लैक्स बोर्ड लगा सकेंगे। पर नगर निगम द्वारा एनओसी जारी करने के लिये ली गई राशि की रसीद, भवन स्वामी द्वारा लिए जाने वाले किराए की रसीद तथा बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स बोर्ड व लिखावट इत्यादि पर किए गए खर्च की रसीद इत्यादि सहित इस पर हुए खर्च का सम्पूर्ण ब्यौरा निर्धारित प्रोफार्मा में संबंधित प्रत्याशी को तीन दिन के भीतर रिटर्निंग ऑफीसर के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि झण्डे, बैनर, पोस्टर, फ्लैस बोर्ड पर कोई ऐसी लिखावट अथवा चित्र प्रदर्शित नहीं होना चाहिए जिससे विभिन्न समुदायों में असंतोष उत्पन्न होता हो और शांति भंग होने की संभावना हो।



## शासकीय सम्पत्ति को मूलरूप में लाने के लिये दल गठित

जिले की सीमा के अंतर्गत पूर्व में विरूपित शासकीय सम्पत्ति को पुनः मूल स्वरूप में लाने के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दल गठित किए गए हैं। नगर निगम ग्वालियर एवं राजस्व अनुविभाग ग्वालियर व डबरा के लिये क्षेत्रीय अनुविभागीय दण्डाधिकारी, नगर पुलिस अधीक्षक, बीएसएनएल के एसडीओ, विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री, नगर निगम व नगर पालिका के क्षेत्रीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री व जनपद पंचायत के सीईओ को इस दल में शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में संपत्ति को मूल स्वरूप में लाने पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति पंचायत सचिव द्वारा मूलभूत योजना की राशि से की जा सकेगी। भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण निवारण का मूल दायित्व संबंधित थाना प्रभारी, पटवारी व पंचायत सचिव का होगा।

# आईएफएस वन संरक्षक ने लिया सामाजिक वानिकी वृत्त का प्रभार

**ग्वालियर।** भारतीय वन सेवा के अधिकारी वन संरक्षक नरेश सिंह यादव



ने बुधवार को सामाजिक वानिकी वृत का पदभार ग्रहण कर लिया है। बीते दिनों मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा संयुक्त संचालक कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मंडला में पदस्थ थे। आईएफएस यादव को सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर का जिम्मा सौंपा गया है। यादव ने बुधवार को वृत्त के प्रभारी अधिकारी एसपी शाक्य एवं वृत्त की समस्त इकाइयों के वन विस्तार अधिकारियों, कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति में चार्ज लिया। अभी टी.एस. सुलिया मुख्य वन संरक्षक क्षेत्रीय सामाजिक वानिकी के अतिरिक्त प्रभार में थे। विगत 6-7 वर्षो से सामाजिक वानिकी व्रत में कोई अधिकारी स्थाई रूप से पदस्थ नहीं था। आईएफएस नरेश यादव के बारे में बताया गया है कि वह 2006 से 2009 तक ग्वालियर तपोवन अनुसंधान में रह चुके हैं। जबकि वर्ष 2009 से 2012 तक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में प्रतिनियुक्ति पर रह चुके हैं। नरेश यादव द्वारा वर्ष 2012 में एम.टेक आईआईटी रुड़की से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया गया। नरेश यादव द्वारा पर्यावरण प्रबंधन तकनीकी वानिकी, सिविल इंजीनियरिंग, शैक्षणिक क्षेत्र में कई बार विशेष उपलब्धियां एवं पुरस्कार प्राप्त किए है।यादव अच्छे खिलाड़ी (मैराथन दौड़), लेखक एवं प्रवक्ता के रूप में भी विशेष रूचि रखते हैं। बुधवार को वन संरक्षकयादव के परिवार ग्रहण करते समय सामाजिक वानिकी व्रत ग्वालियर का समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# गेहूँ, सरसों एवं चने के उपार्जन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक



**ग्वालियर।** जिले में चना, सरसों एवं गेहूँ के उपार्जन के लिये निर्धारित किए गए उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिये गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया व पानी की व्यवस्था अवश्य की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बुधवार को उपार्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।

समर्थन मूल्य पर चना 5440 रूपए प्रति क्विंटल, सरसों 5650 रूपए प्रति क्विंटल तथा गेहूँ 2400 रूपए प्रति क्विंटल पर क्रय किया जाना निर्धारित किया गया है। सभी केन्द्रों पर पर्याप्त वारदाने की उपलब्धता करने के निर्देश भी दिए गए हैं। गेहूँ का उपार्जन 29 मार्च से 15 मई तक किया जायेगा। गेहूँ के उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक होगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार सहित कृषि विभाग, खाद्य विभाग, कॉपरेटिव बैंक सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर विज्ञापन देने से पूर्व लेना होगा प्रमाणीकरण

**ग्वालियर ।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टी.वी. चैनल्स, केबल नेटवर्क एवं रेडियो चौनल पर राजनैतिक विज्ञापन देने के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रमाणीकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए लिखित आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजनैतिक दलों व चुनाव लड़ने वाले अभ्यिर्थियों विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराने के लिये निर्धारित प्रपत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी मेन स्क्रिप्ट के साथ तीन दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश में साफ किया है कि आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन होने पर संबंधित राजनैतिक दल अथवा उम्मीदवार के खिलाफ कार्रवाई होगी।

राजनैतिक विज्ञापनों के संवीक्षा व प्रसारण का प्रमाणीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। एमसीएमसी का मीडिया अनुवीक्षण कक्ष एजी ऑफिस पुल के समीप और रंगमहल गार्डन के सामने स्थित कुसुम विला में संचालित शासकीय संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में स्थापित किया गया है। यहाँ से आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर सॉफ्ट कॉपी के साथ प्रमाणीकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त विज्ञापन की विषयवस्तु एवं मेन स्क्रिप्ट का भलीभाँति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इसके प्रसारण से किसी भी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषा का उपयोग तो नहीं किया गया है। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि विज्ञापन के प्रसारण से आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। विज्ञापन की विषयवस्तु व स्क्रिप्ट सही पाए जाने पर निर्धारित प्रपत्र-ब में प्रमाणीकरण जारी किया जायेगा।

# प्रिवार तीर्थ करने गया, चोरों ने घर की लगाई परिक्रमा, समेटा माल

**ग्वालियर।** परिवार के साथ तीर्थ करने गए लेखा अधिकारी के घर में चोर परिक्रमा लगा गये और घर के ताले चटकाकर नगदी व सामान पार कर ले गए। घटना इंदरगंज थाना क्षेत्र के अलीजाबाग कॉलोनी की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद ममला दर्ज कर लिया है।

इंदरगंज थाना क्षेत्र के अलीजाबाग निवासी शंशाक जैन पुत्र संजू उर्फसंजय जैन एकाउंटेंट है और प्राइवेट जॉब करते है। दो दिन पहले वह परिवार के साथ कुंडलपुर में तीर्थ करने के लिए गए थे और घर पर ताला डालकर पड़ोसियों को घर की देखरेख के लिए बोल गए थे। बीते रोज पड़ोसियों ने उनके दरवाजे खुले देखे तो सोचा कि वह वापस आ गए होगे, लेकिन गेट लगातार खुला रहा तो वह उनके घर पहुंचे तो पता चला कि अंदर सामान बिखरा पड़ा था, मामला समझ में आते ही शंशाक को कॉल कर जानकारी दी। मामले का पता चलते ही शंशाक ने अपने मामा को घर पर जाने की बोला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# निर्वाचन प्रक्रिया कराने रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**ग्वालियर।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग ऑफीसर व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के नामों के प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कर दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी का दायित्व निभायेंगीं। ज्ञात हो ग्वालियर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में ग्वालियर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण, ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व, ग्वालियर दक्षिण, भितरवार व डबरा तथा शिवपुरी जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र करैरा व पोहरी शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान ग्वालियर जिले के विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी (मोबा. 94254-90269) निभायेंगे। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ग्वालियर शहर अतुल सिंह (मोबा. 94251-10117), विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी झाँसी रोड़ विनोद सिंह (मोबा. 94253-38594), विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर दक्षिण के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव (मोबा. 89594-02485), विधानसभा क्षेत्र भितरवार के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी भितरवार देवकीनंदन सिंह (मोबा. 94250-67806) एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र डबरा (अजा) के लिये अनुविभागीय राजस्व अधिकारी डबरा दिव्यांशु चौधरी (मोबा. 94304-57781) को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## शहरवासी 5 अप्रैल से ले सकेंगे स्विमिंग का आनंद

**ग्वालियर ।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित स्विमिंग पूल तरण पुष्कर में नया सत्र आगामी 5 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए आवेदन भरना प्रारंभ हो चुके हैं, जिसमें पहले दिन 419 फार्म बिके। सहायक नोडल अधिकारी खेल अयोध्या शरण शर्मा ने बताया कि तरण पुष्कर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 अप्रैल से नवीन सत्र प्रारंभ होगा। इस हेतु तैराकी करने के इच्छुक शहरवासी अपने आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं। आवेदन पहले आओ पहले पाओ के तहत जमा किए जाएंगे, सीटे फुल होने पर आवेदन जमा करने बंद कर दिए जाएंगे।

# बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 90 सफाई कर्मचारी एवं 32 ड्राइवर का काटा वेतन

**ग्वालियर ।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर की सफाई व्यवस्था सुदृण बनी रहे। इसके लिए प्रत्येक वार्डो में सफाई कर्मियों का मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम के माध्यम से की जा रही है। जिसके तहत बुधवार को विभिन्न वार्डो में 90 सफाई कर्मी बिना सूचना के अनुपस्थित रहे, उनका वेतन काटा गया।

नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह के निर्देशानुसार शहर के सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था की कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा हरी है तथा जिस वार्ड में सफाई कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित रहे उनके खिलाफ वेतन काटने की कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंट्रोल रूम के माध्यम से की गई मॉनिटरिंग में बुधवार को विभिन्न वार्डो में 90 सफाई कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गए। इन सभी सफाई कर्मियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही ग्वालियर पूर्व, दक्षिण एवं ग्वालियर डिपों पर कचरा संग्रहण में लगे हुए 32 ड्राइवर अनुपस्थित रहने पर सभी का एक दिवस का वेतन काटा गया।

# होली मनाने ससुराल आये नशेड़ी ने किया हंगामा, पत्नी को पीटा, बाइक में लगाई आग

**ग्वालियर।** ससुराल में नशेड़ी दामाद ने जमकर नशा किया और नशा जब सिर पर चढ़ा तो पत्नी को अच्छी तरह से कुटाई कर दी। जब साला और ससुर बचाने आए तो नाराज दामाद ने पेट्रोल निकाला और पेट्रोल छीड़ककर खुद की बाइक में आग लगा दी। घटना घाटीगांव थाना क्षेत्र के सीडना गांव की है। घटना का पता चलते ही साले और ससुर ने बाइक में आग बुझाने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही बाइक जलकर खाक हो गई। वहीं मौका पाकर नशेड़ी दामाद फरार हो गया।

घाटीगांव थाना क्षेत्र के सीडना निवासी जयभान सिंह पुत्र प्रीतम सिंह ने शिकायत की है कि बीते रोज उसका बहनोई पुरूषोतम सिंह होली का त्योहार मनाने के लिए बहन भूरी बाई के साथ आया था। यहां पर आते ही सुबह से ही उसने दारू पीना शुरू कर दिया और दिनभर ससुराल में हंगामा किया। देर रात को जब उसने फिर से हंगामा किया तो ससुरालीजनों ने उसे किसी तरह कमरे में बंद कर सुला दिया। सुबह उठते ही वह पत्नी से विवाद करने लगा और उसकी मारपीट कर दी।

मारपीट होते देखकर परिजनों ने उसे बचाया तो वह घर से बाहर निकल गया और बाहर खड़ी अपनी बाइक में से पेट्रोल निकालकर बाइक पर छिड़क दिया और आग लगा दी। पेट्रोल के कारण पल भर में पूरी बाइक आग की चपेट में आ गई और जब तक बचाव के लिए आते उससे पहले ही आग पेट्रोल की टंकी तक पहुंची और मात्र कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई। बाइक में आग देखकर जयभान सिंह और उसके परिजनों ने आग बुझाना शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस को देखते ही आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## सोशल मीडिया पर कटटे के साथ फोटो डालने वाले पहुंचे हवालात

**ग्वालियर।** सोशल मीडिया पर कटटे के साथ फोटो डालने वाले दो युवकों को उटीला थाना पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ के बाद कटटा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना प्रभारी उटीला शिवम् राजावत को सोशल मीडिया की एक लिंक मिली जिसमें दो युवकों द्वारा हाथ में कट्टा लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर उनके फोटो डाले गये थे और गाना लगा था कि मुरैना है मर्दाना जिला। यह वायरल फोटो थाना उटीला पुलिस के संज्ञान में आने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश प्रारम्भ की गई। तभी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि सोशल मीडिया जिन युवकों का कटटे के साथ फोटो वायरल हुआ है वह सकतपुरा के रहने वाले हैं। इसका पता चलते ही थाना प्रभारी उटीला शिवम राजावत एवं थाना प्रभारी हस्तिनापुर राजकुमार राजावत ने युवकों की तलाश शुरू की और एक युवक विनोद परिहार को थाना प्रभारी उटीला ने मय एक 12 बोर कट्टा व एक जिंदा राउण्ड सहित पकड़ा और दूसरे युवक लवकुश गुर्जर को थाना प्रभारी हस्तिनापुर राजकुमार राजावत ने मय एक 315 बोर कट्टा व एक जिंदा राउण्ड के पकड़ा।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**ग्वालियर।** खाना खाकर अपने कमरे में सोई महिला ने आधी रात को फांसी लगाकर जान दे दी। घटना माधौगंज थाना क्षेत्र के शिवशक्ति पुरम गुढ़ा पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच की है। माधौगंज थाना क्षेत्र के शिवशक्ति पुरम गुढ़ा निवासी 35 वर्षीय नीलम सिंह पत्नी कौशलेन्द्र सिंह राजावत गृहिणी है और उनके पति एसएएफमें पदस्थ है। बीती रात नीलम ने बच्चों और पति के साथ खाना खाया और अपने कमरे में सोने चली गई। रात करीब डेढ़ से दो बजे के करीब कौशलेन्द्र की नींद खुली तो पत्नी बिस्तर पर नहीं थी तो वह उसे तलाशते हुए दूसरे कमरे में पहुंचा तो वह टीन शेड में फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। पत्नी की नब्ज टटौली तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। इसका पता चलते ही पुलिस को सूचना दी।

# होली मनाने घर आया शातिर बदमाश पहुंचा हवालात

**ग्वालियर।** 11 साल से पुलिस को चकमा दे रहा बदमाश होली मनाने आया तो क्राइम ब्रांच उसके घर पहुंची और सोते में ही उठा ले गई। पकड़े गए आरोपी को हवालात पहुंचाने के बाद पूछताछ शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ करीब एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

एएसपी क्राइम शियाज केएम ने बताया कि सूचना मिली थी कि करीब 11 साल से फरार एक बदमाश अपने घर पर त्योहार मनाने के लिए आया है। सूचना मिलते ही टीआई क्राइम ब्रांच अजय पवार को आरोपी को दबोचने के लिए निर्देशित किया और पुलिस की टीम को आरोपी को दबोचने के लिए रवाना किया। क्राइम ब्रांच की टीम गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी पिंटो पार्क पहुंची और संदेही आरोपी का घर घेर लिया। आरोपी अपने कमरे में सोता मिला तो पुलिस ने सोते में ही उसे दबोच लिया और पकड़कर क्राइम ब्रांच थाने पहुंचे और हवालात में बंद कर दिया।

बताया गया है कि पकड़ा गया शैलू गुर्जर उर्फशैलेन्द्र सिंह पुत्र बचन सिंह काफी शातिर बदमाश है और 11 साल पहले पिस्टल के साथ मुरार थाना पुलिस ने पकड़ा था और वह तब से पुलिस को चकमा दे रहा था, आरोपी पर मुरैना में करीब एक दर्जन के करीब मामले दर्ज हैं। जब मुरैना पुलिस उसे पकडने दबिश देती तो वह ग्वालियर और ग्वालियर पुलिस दबिश देती तो वह मुरैना भाग जाता था। पुलिस अफसरों का मानना है कि पकड़े गए बदमाश से पूछताछ के बाद शहर में हुई कुछ अन्य घटनाओं में भी सुराग मिलने की उम्मीद है।

## संपादकीय

# होली की मस्ती में लापरवाही के तार



सवाल है कि घनी बस्ती में अगर जानलेवा साबित होने वाले उच्च क्षमता के बिजली के तार इंसानी गतिविधियों की पहुंच में गुजर रहे हों, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? जागरूकता की कमी और व्यवस्थागत लापरवाही का नतीजा एक बार फिर होली के मौके पर सामने आया, जब कई लोग बुरी रह झुलस गए। दिल्ली के पांडव नगर इलाके में कुछ लोग घर की छत पर होली खेलते हुए एक-दूसरे पर रंग और पानी फेंक रहे थे। इसी बीच पास से गुजरते उच्च क्षमता के बिजली के तार पर पानी चला गया और उसमें अचानक विस्फोट हो गया। इसकी चपेट में सात लोग आए और गंभीर रूप से घायल हो गए। यों यह एक हादसा है, पर इसे बहुस्तरीय लापरवाही का नतीजा माना चाहिए। समझना मुश्किल है कि किसी खुशी के मौके पर लोग संभावित खतरों की अनदेखी क्यों करते हैं। अपनी छतों पर होली खेलते लोगों को क्या यह जानकारी नहीं थी कि वे जिस तरह एक-दूसरे पर पानी फेंक रहे हैं, वह अगर बिजली के तार से छू गया तो उसके क्या नतीजे हो सकते हैं?

विडंबना है कि एक ओर आम लोग जागरूकता की कमी के चलते अक्सर लापरवाही कर बैठते और ऐसे हादसों के शिकार हो जाते हैं, वहीं संबंधित सरकारी महकमों को यह ध्यान रखना जरूरी नहीं लगता कि आम लोगों के लिए किसी सुविधा का विस्तार करते हुए जोखिम के लिहाज से या तो उचित सुरक्षात्मक व्यवस्था की जाए या फिर इंसानी आबादी के लिए खतरनाक साबित होने वाली किसी चीज को लेकर जरूरी कायदे तय किए जाएं। इस व्यवस्थागत कमी के अलावा किसी पर्व-त्योहार के मौके पर आम लोग आए दिन भारी लापरवाही बरतते देखे जाते हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब राजस्थान के कोटा में शिवरात्रि के मौके पर शिव बरात में शामिल लोगों में से किसी का झंडा उच्च क्षमता के तार से छू गया और उसमें चौदह बच्चे झुलस गए। ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, मगर न तो आम लोग उनसे सबक लेते हैं और न ही प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षित इंतजाम किए जाते हैं। सवाल है कि घनी बस्ती में अगर जानलेवा साबित होने वाले उच्च क्षमता के बिजली के तार इंसानी गतिविधियों की पहुंच में गुजर रहे हों, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

# दुनिया मेरे आगेः स्वतंत्रता के दायरे और रिश्तों की मिठास, बंधन से मुक्त जीवन में सहजता का आनंद

**शैशवास्था और बाल्यावस्था के आरंभिक काल में वह स्वतंत्र रूप से व्यवहार करता है, लेकिन बड़ा होते हुए परिवार और समाज में रहकर वह सीखता है कि उसकी स्वतंत्रता के दायरे कहां तक हैं। रूसो ने कहा है- 'मनुष्य स्वतंत्र पैदा हुआ और हर जगह जंजीरों में जकड़ा हुआ है।' दरअसल, ये जंजीरें कैद करने वाली कारा की जंजीरें नहीं हैं, जो कष्ट देती हैं। अगर ये जंजीरें न हों तो स्वच्छंद समाज में व्यवस्था की कल्पना भी नहीं की जा सकती। खानपान, रहन-सहन, विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता यानी व्यक्तिगत, आर्थिक, राजनीतिक, नागरिक स्वतंत्रता किसी भी देश का कानून अपने मानकों के आधार पर दे सकता है। हम अपने स्वतंत्र विचारों के प्रवाह में भले ही समाज के बनाए नियमों, रीति-रिवाजों के विरुद्ध हो भी जाएं और उनका सामना करें, फिर भी व्यक्ति किसी न किसी रूप में बंधन में रहेगा ही।**

कृतिक स्वतंत्रता घातक बिल्कुल भी नहीं है। अगर व्यक्ति स्वतंत्रता के साथ भावनाओं को भी जीवन में स्थान देगा तो उसे सामाजिक जीवन और रिश्तों में तालमेल बनाने में समस्या नहीं आएगी और न ही उसके संपर्क में आने वाले लोगों को दिक्कत होगी। पढ़ें मेघा राठी के विचार। कहते हैं कि किसी भी रिश्ते में व्यक्ति को बांधना नहीं चाहिए, उसे स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए, ताकि रिश्तों की मिठास और गरमाहट बनी रह सके। वास्तव में व्यक्ति स्वतंत्र प्रवृत्ति के साथ ही जन्म लेता है। शैशवास्था और बाल्यावस्था के आरंभिक काल में वह स्वतंत्र रूप से व्यवहार करता है, लेकिन बड़ा होते हुए परिवार और समाज में रहकर वह सीखता है कि उसकी स्वतंत्रता के दायरे कहां तक हैं। रूसो ने कहा है- 'मनुष्य स्वतंत्र पैदा हुआ और हर जगह जंजीरों में जकड़ा हुआ है।' दरअसल, ये जंजीरें कैद करने वाली कारा की जंजीरें नहीं हैं, जो कष्ट देती हैं। अगर ये जंजीरें न हों तो स्वच्छंद समाज में व्यवस्था की कल्पना भी नहीं की जा सकती। खानपान, रहन-सहन, विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता यानी व्यक्तिगत, आर्थिक, राजनीतिक, नागरिक स्वतंत्रता किसी भी देश का कानून अपने मानकों के आधार पर दे सकता है। हम अपने स्वतंत्र विचारों के प्रवाह में भले ही समाज के बनाए नियमों, रीति-रिवाजों के विरुद्ध हो भी जाएं और उनका सामना करें, फिर भी व्यक्ति किसी न किसी रूप में बंधन में रहेगा ही। पूर्ण मुक्त हो पाना असंभव है। अगर ऐसा होता है तो दूसरों के साथ ही व्यक्ति स्वयं को भी ठेस पहुंचाता है, क्योंकि जो लोग इस स्वतंत्रता के कारण चोटिल होते हैं, वे उसे भी प्रतिक्रिया में अपने व्यवहार या वचनों द्वारा चोट पहुंचा ही सकते हैं और इसके लिए कम से कम वे लोग उनके खिलाफ शिकायत नहीं कर सकते, जिन्होंने उन्हें चोट पहुंचाया होता है। सभी अपने व्यवहार और वचनों के लिए स्वतंत्र हैं। यों भी हम अपने लिए जैसा व्यवहार चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हमें दूसरों



के साथ करना चाहिए। यह सच है कि व्यक्ति को अपने संबंधों में यह विश्वास होना चाहिए कि वह जैसा है, जिस रूप में है, जिस स्वभाव में है, खुद को उसी रूप में किसी के समक्ष प्रकट कर सके। उसे किसी बनावट के व्यवहार के लिए विवश नहीं होना पड़े, लेकिन यह बहुत बार सामने वाले पर भी निर्भर करता है कि वह उसके मूल रूप को कितनी सहजता से स्वीकार कर पाता है। किसी भी प्रकार के संबंधों में स्थायित्व के मूल अर्थ में व्यक्ति की वास्तविकता को पाना है और जब इंसान के मूल रूप को स्वीकार करने के बाद भी भाव वैसे ही बने रहें, तो उनके मध्य प्रेम समाप्त नहीं होता और न ही दुख का कारण बनता है। इसका अर्थ यह नहीं कि मनुष्य पूर्ण स्वच्छंद हो जाए। उसे जो भी करना है, वह बिना सोचे-समझे करे। इसकी फिक्र न करे कि उसके किसी कार्य का दूसरे व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा। लेकिन इसकी प्रतिक्रिया भी तो उसी के मुताबिक आनी है! दरअसल, स्वतंत्र विचारों के कारण व्यक्ति को रोक-टोक पसंद नहीं आती। नतीजतन, वह अपने इस प्राकृतिक स्वभाव की वजह से अनजाने में ही खुद से जुड़े लोगों को भावनात्मक रूप से आहत कर देता है। ऐसी परिस्थिति में सहन की सीमा समाप्त होने के बाद लोग उनसे प्रेम होने के बाद भी दूर होने लगते हैं या उन पर ध्यान देना बंद कर उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। हमारी अपनी स्वतंत्रता हमें प्रिय हो सकती है, मगर दूसरों की स्वतंत्रता भी इतनी ही अहम है। एक कहावत भी है, 'व्यक्ति की स्वतंत्रता वहां खत्म हो जाती है, जहां दूसरे व्यक्ति की नाक आ जाती है।' कोई भी समाज एक व्यवस्था के तहत चलता है और उसी पर आधारित होता है। अगर व्यवस्थाएं न हों तो जनजीवन, सामाजिकता अस्त-व्यस्त हो जाएगी। मनुष्य को स्थायित्व देने में व्यवस्था का बहुत योगदान होता है। स्वतंत्र व्यक्ति को व्यवस्थित होने में मुश्किल पेश आती है। उसे लगता है कि यह उसकी आजादी में दखल है। स्वतंत्र व्यक्ति अपनी आजादी की सीमाएं नहीं बांधना चाहता। वह नहीं चाहता कि वह जैसा करना चाहता है, उसे वैसा करने से रोका जाए। उसे लगता है कि इंसान समझदार होता है, अपना भला-बुरा जानता है और अपने जीवन पर उसका अधिकार है। इसलिए किसी को भी इसमें दखल देने का हक नहीं है। मगर जब वह देखता है कि यह स्वतंत्रता उसे पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रही है और वह जैसा है, लोग उसे वैसा ही स्वीकार नहीं कर रहे, तब उनके अंदर आक्रोश उत्पन्न होता है। यह आक्रोश किसी सार्थक बदलाव के लिए सहायक नहीं होता, बल्कि यह कुंठाओं को जन्म देने लगता है। मन की घुटन बढ़ाने लगता है। ऐसे में एक आक्रोशित व्यक्ति न तो वैयक्तिक विकास पर ध्यान देता पाता है और न ही समाज के लिए कुछ कर पाने की अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग कर पाता है। देखा जाए तो प्राकृतिक स्वतंत्रता घातक बिल्कुल भी नहीं है। उसे नुकसानदेह बना लिया जाता है बंधनों के साथ समायोजन के अभाव में। अगर व्यक्ति स्वतंत्रता के साथ भावनाओं को भी जीवन में स्थान देगा तो उसे सामाजिक जीवन और रिश्तों में तालमेल बनाने में समस्या नहीं आएगी और न ही उसके संपर्क में आने वाले लोगों को दिक्कत होगी। सकारात्मक स्वतंत्रता और नकारात्मक स्वतंत्रता का अंतर समझ कर भी व्यक्ति स्वयं को समायोजित कर सकता है। प्राकृतिक स्वतंत्रता में तलवार की पैनी धार भी होती है, जिसे कुछ हद तक व्यवस्था की म्यान में संभालना आवश्यक है, अन्यथा स्वतंत्रता अकेलेपन की सहगामिनी बन कर रह जाती है।

# परिदृश्य : इस्लामी पड़ोसियों से परेशान पाकिस्तान

पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए। ईरान और अफगानिस्तान से हाल ही में पाकिस्तान की झड़प हो चुकी है, जबकि पिछले कुछ वर्षों से भारत-पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया, जिसके कारण कई वर्षों से सीमा पर माहौल शांतिपूर्ण है। लोक ज्ञान कहता है कि कोई भी देश अपने पड़ोसियों को नहीं चुन सकता, उसे अपने पड़ोसियों के साथ सह-अस्तित्व में रहना होता है। वर्ष 2023 में पाकिस्तान के कुछ पड़ोसी, जो दशकों से मित्र थे, अचानक शत्रु बन गए, जबकि जिसे उसने हमेशा अपना दुश्मन माना, वह अच्छा मित्र बन सकता है। पाकिस्तान चार देशों से घिरा है, जिनमें से दो-ईरान और अफगानिस्तान इस्लामी मुल्क हैं। बाकी दो देश हैं-उसका सबसे करीबी सहयोगी चीन और उसके पूर्व में भारत, जिसके साथ नियंत्रण रेखा पर लगातार झड़पें होती रहती हैं। भारत की सीमा पर दोनों ओर से हमले होते रहे हैं, जिससे दोनों तरफ के कश्मीरियों और उनकी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा था। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम लागू करने का निर्णय लिया। युद्धविराम संधि के कारण कई वर्षों से माहौल शांतिपूर्ण है। पाकिस्तान तब हैरान रह गया, जब कुछ हफ्ते पहले ईरान ने बलूचिस्तान के अंदरूनी इलाकों पर बमबारी की। जिन इलाकों पर बमबारी की गई, वे शहरों एवं कस्बों से बहुत दूर रेतीले रेगिस्तान और पहाड़ों में स्थित थे। ईरान ने कहा कि यह हमला पाकिस्तान के खिलाफ नहीं, बल्कि कुछ ईरान-विरोधी गुटों के खिलाफ था, जो पाकिस्तान से ईरान के खिलाफ आतंकवादी हमले करते थे। अगले ही दिन, पाकिस्तानी वायु सेना ने पाकिस्तान-ईरान सीमा पर हमला किया, जिसमें कई लोग हताहत हुए। पाकिस्तान ने कहा कि उसने ईरान के अंदर उन आतंकवादी शिविरों पर हमला किया, जिनका इस्तेमाल ये आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ हमले करने के लिए करते थे। वैसे इस वाकये से हैरान ईरान ने अपनी ही सरकार के भीतर कुछ मजबूत तत्वों को दोषी ठहराया, जिन्होंने ईरान की घरेलू समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए इस अवसर का उपयोग करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान को ईरान की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट हो गया कि वह सीमा के दोनों ओर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना चाहता है और स्थिति नियंत्रण में प्रतीत होती है। जैसा कि एक विश्लेषक ने कहा, यह न केवल दोनों पड़ोसियों के लिए अच्छा है, बल्कि इस क्षेत्र के लिए भी अच्छा है। स्थिति को और अधिक बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसका प्रभाव पाकिस्तान की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के लिए विनाशकारी होगा। उसके बाद अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान का विवाद बढ़ गया, क्योंकि पाकिस्तान के उत्तरी इलाके वजीरिस्तान में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने आतंकवादी हमला किया, जिसमें सेना के दो अधिकारी मारे गए और कई घायल हो गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमकी देते हुए कहा कि पाकिस्तान पर हुए इस हमले को गंभीरता से लिया जाएगा और पाकिस्तान इसका जवाब देगा। अगली सुबह पाकिस्तानी वायु सेना के बमवर्षकों ने अफगानिस्तान के भीतर हमला किया और टीटीपी के कुछ शिविरों को नष्ट कर दिया। हालांकि फिलहाल वहां शांति और सन्नाटा है। जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, तो पाकिस्तान ने अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। उसे उम्मीद थी कि एक बार नई सरकार काम करने लगेगी और कानून-व्यवस्था में थोड़ा सुधार होगा, तो वह यह सुनिश्चित करेगा कि टीटीपी अफगानिस्तान से पाकिस्तान की धरती पर आतंकी हमले न करे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पाकिस्तान ने यह संदेश देने के लिए हर कूटनीतिक उपायों का इस्तेमाल किया। कई उच्च स्तरीय सैन्य और असैन्य प्रतिनिधिमंडल काबुल गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया था कि पाकिस्तान को किन बातों पर आपत्ति है और वह अफगानिस्तान की जमीन से आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। पर अफगानिस्तान ने इन चेतावनियों को नजरंदाज कर दिया है। अंततः पाकिस्तान ने हजारों अवैध अफगान शरणार्थियों एवं प्रवासियों को वापस भेज दिया, जिससे काबुल नाराज हो गया। फिर पाकिस्तान ने खैबर पख्तूनख्वा में लैंडीकोटल सीमा और बलूचिस्तान में चमन सीमा पर ट्रकों को गुजरने की अनुमति नहीं देते हुए व्यापार बंद कर दिया। तालिबान सरकार ने इसकी शिकायत की और आश्वासन दिया कि वह टीटीपी को नियंत्रित करेगी।

फिलहाल टीटीपी के लगभग 6,000 आतंकवादी अपने परिवारों के साथ अफगानिस्तान में शरण लिए हुए हैं, जिनमें से अधिकांश को तब सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान से बाहर कर दिया गया था, जब वे सख्त शरिया नियमों और पाकिस्तान के और भी इस्लामीकरण की मांग करने लगे। जैसा कि एक विश्लेषक का कहना है, %टीटीपी वस्तुतः अपने अफगान समकक्ष अफगान तालिबान का विस्तार बन गया है और हैरानी की बात नहीं कि अमेरिकी युद्ध की समाप्ति और अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में भारी वृद्धि हुई है।% टीटीपी के ताजा हमलों के बाद पाकिस्तान ने आतंकी हमलों के लिए सीधे तौर पर तालिबान शासन को जिम्मेदार ठहराया है। उत्तरी वजीरिस्तान में ताजा आतंकवादी हमले के बाद आईएसपीआर ने एक बयान में कहा, %अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार न केवल आतंकवादियों को हथियार दे रही है, बल्कि अन्य आतंकवादी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह भी प्रदान कर रही है और साथ ही पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में भी शामिल है।% ईरान और अफगानिस्तान, दोनों ने पाकिस्तानी वायु सेना की ताकत देखी है। पाकिस्तान की तुलना में ईरान की वायु सेना छोटी और कम प्रभावी है और वह इस बात को जानती है। अफगानिस्तान के पास वायु सेना है ही नहीं, लेकिन जवाबी कार्रवाई के तौर पर वह सीमा पार भारी जमीनी हथियारों का इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान में ऐसी आवाजें जोर-शोर से उठ रही हैं कि अफगान तालिबान के साथ और अधिक राजनयिक जुड़ाव की जरूरत है, क्योंकि दोनों पक्षों के ऐसे सैन्य अभियानों से क्षेत्रीय शांति पर भी गंभीर असर पड़ेगा। टीटीपी पर लगाम लगाने या उसे बाहर निकालने के लिए काबुल पर दबाव बनाना होगा, जो द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट का कारण है। साथ ही, पाकिस्तान चीन जैसे दोस्तों और मजबूत सहयोगियों से उम्मीद करता है कि वे उसकी शिकायतों को अफगानिस्तान तक पहुंचाएं, जो वहां भारी निवेश कर रहे हैं।

# पड़ोसः चीन है कि बाज नहीं आ रहा

**बीते आठ मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में सड़क संचार को बेहतर बनाने के लिए वहां पर सेला सुरंग मार्ग का उद्घाटन किया था। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरुणाचल प्रदेश में इस तरह के कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि यह दक्षिणी तिब्बत का क्षेत्र है। चीन के इस दावे का भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में खंडन किया है और अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को दोहराया है। कहने को तो चीन में कम्युनिस्ट शासन है, परंतु वास्तव में चीन में शी जिनपिंग की सरकार अब भी सामंतशाही प्रणाली की तरह काम कर रही है, जिसके कारण चीन की जनता त्रस्त है और वहां पर चारों तरफ तनाव देखने को मिलता है।**

पिछले कुछ समय से चीन बार-बार भारत के अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत के नाम से पुकार कर भारत के साथ तनाव की स्थिति पैदा करना चाह रहा है। हालांकि भारत सरकार ने बार-बार इसका खंडन करते हुए दुनिया को बताया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट अंग है। अमेरिका ने भी कड़े शब्दों में चीन को चेताते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन चीन अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा है। बीते आठ मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में सड़क संचार को बेहतर बनाने के लिए वहां पर सेला सुरंग मार्ग का उद्घाटन किया था। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरुणाचल प्रदेश में इस तरह के कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि यह दक्षिणी तिब्बत का क्षेत्र है। चीन के इस दावे का भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में खंडन किया है और अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को दोहराया है। कहने को तो चीन में कम्युनिस्ट शासन है, परंतु वास्तव में चीन में शी जिनपिंग की सरकार अब भी सामंतशाही प्रणाली की तरह काम कर रही है, जिसके कारण चीन की जनता त्रस्त है और वहां पर चारों तरफ तनाव देखने को मिलता है। अपनी विस्तारवादी नीति के तहत चीन ने पड़ोसी देशों की भूमि पर कब्जा करना शुरू किया और 1951 में तिब्बत पर कब्जा कर लिया। इसी नीति के तहत चीन ने अपने 16 पड़ोसी देशों की भूमियों पर अवैध कब्जे किए हैं। जब भी हमारी सरकार अरुणाचल प्रदेश में कोई भी विकास कार्य करती है, चीन आपत्ति जताने लगता है। लेकिन इस बार भारत के दावे की पुष्टि अमेरिका जैसी महाशक्ति देश ने भी की है और बहुत से पश्चिमी देश भी भारत के पक्ष में हैं। चीन और भारत के बीच में 3,488 किलोमीटर की सीमा है, जिनमें 1,597 किलोमीटर पूर्वी लद्दाख, 544 किलोमीटर हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड, 220 किलोमीटर सिक्किम तथा 1,126 किलोमीटर अरुणाचल प्रदेश में है! अरुणाचल की सीमा का अधिकांश भाग तिब्बत से सटा हुआ है! चीन के साथ लंबे समय से हमारा सीमा विवाद चल रहा है, जिसे चीन सुलझाना नहीं चाह रहा है। इसी के चलते चीन ने अक्तूबर 1962 में भारत पर हमला कर दिया, जिसके लिए भारतीय सेना तैयार न थी। नतीजतन भारत के अक्साई चिन क्षेत्र में 38,000 वर्ग किलोमीटर पर चीन ने अवैध कब्जा कर लिया, जिस पर वह आज तक कायम है! इसके बाद सिक्किम के नाथुला पर 1967 में चीन ने हमला किया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। फिर 1986 में अरुणाचल के सोमद्रोंचू नाम के क्षेत्र में चीन ने एक हेलीपैड बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया! इसके बाद भारत सरकार ने इस पूरे क्षेत्र में सड़क और पुलों का निर्माण किया, ताकि सेना के टैंक सीमा तक पहुंच सकें! सोमद्रोंचू की झड़प के बाद भारत और चीन के बीच तनाव कम करने के लिए वार्ताएं शुरू हुईं और 1993 एवं 1996 में चीन के साथ सीमाओं पर शांति बहाली के लिए समझौते किए गए! इन समझौतों में यह तय किया गया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास दोनों देशों के सैनिक बिना हथियारों के ही निगरानी करेंगे!

लेकिन चीन बार-बार इसका उल्लंघन करता रहा है! हालांकि भारत ने चीन से लगती सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य तैयारी मजबूत की है और हवाई पट्टी, सड़क एवं पुलों का निर्माण किया है। दक्षिणी चीन सागर और हिंद महासागर में चीन की नौसैनिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड गठबंधन किया है। चीन भली-भांति भारत की तैयारी के बारे में जान चुका है, फिर भी वह समय-समय पर भारत से उलझने से बाज नहीं आ रहा है। जब तक चीन का कब्जा तिब्बत पर बना रहेगा, तब तक वह पूरे दक्षिण एशिया में भारत, बांग्लादेश और म्यांमार के लिए खतरा बना रहेगा। इसलिए भारत को मजबूती से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिब्बत पर चीन के गैरकानूनी कब्जे के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए! चीन को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेनकाब करने से उसकी अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा, जिसके दम पर वह एशियाई देशों को अपनी कर्ज नीति के जाल में फंसाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा करने पर ही चीन की आक्रामक विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# चीन के कर्जे से दबे पाकिस्तान में आतंकी हमले, हुकूमत की मजबूरी और रिश्तों का दबाव

**सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है। सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है।**

विचित्र है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान दोहरा रवैया अख्तियार करता रहा है। एक तरफ तो वह भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है, मगर दूसरी तरफ अपने ही बलूचिस्तान इलाके में आतंकवाद से लड़ना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद शहर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने हमला किया और गोली बरसाते हुए अंदर घुसने का प्रयास किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई। इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी नाम के आतंकी संगठन ने ली है। सैनिक ठिकानों या फिर चीनी नागरिकों पर ये हमले नए नहीं हैं और न ये केवल बलूचिस्तान प्रांत तक सीमित हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी वहां इस कदर ताकतवर है कि वह जब-तब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को चुनौती देती रहती है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस ने बलूचिस्तान प्रांत से आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के इरादे से हर तरह के कड़े कदम उठाए हैं, वहां के बेगुनाह लोगों पर भी खूब अत्याचार किए हैं, मगर उनके इरादे कमजोर करने में उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई है। दरअसल, बलूचिस्तान प्रांत के लोगों का मानना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्रांत के हितों की अनदेखी करती है। फिर, उस इलाके के लोग पाकिस्तान में चीन की बढ़ती दखल का पुरजोर विरोध करते रहे हैं। उनकी कहना है कि चीन उनके इलाके में घुस कर उनके संसाधनों का दोहन कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे' के तहत कई परियोजनाएं चल रही हैं। बलूचिस्तान प्रांत के लोग उनका विरोध करते रहे हैं। इससे पहले भी चीनी नागरिकों पर कई बार हमले हो चुके हैं। ताजा हमला उसी की एक कड़ी है। मगर पाकिस्तान हुकूमत की मजबूरी यह है कि वह इन परियोजनाओं के नाम पर चीन से काफी पैसा ले चुकी है और इन दिनों जिस आर्थिक बदहाली के दौर से देश गुजर रहा है, उसमें वह चीन का दामन छोड़ नहीं सकती। चीन से उसकी दोस्ती न केवल आर्थिक कारणों से, बल्कि भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्तों की वजह से भी है। चीन से दोस्ती करके वह भारत पर मानसिक दबाव बनाने की कोशिश करता है, मगर हकीकत यह है कि अपनी इस लचर रणनीति में वह खुद चीन के पंजे में अपनी गर्दन फंसा चुका है। अगर वह बलूचिस्तान प्रांत के लोगों के विरोध पर गंभीरता दिखाता, तो शायद आतंकवादी उसे अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल नहीं कर पाते। बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवाद इतना ताकतवर हो चुका है कि उसके चलते पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान के साथ रिश्तों में संतुलन साधना भी कठिन हो गया है। कुछ महीने पहले ही ईरान ने बलूचिस्तान प्रांत के कुछ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी उसके इलाके में हवाई हमले किए। विचित्र है कि जब भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरुद्ध जंग छेड़ने की बात उठती है, तो पाकिस्तान उसमें सहयोग करने का आश्वासन देता है, मगर हकीकत यह है कि वह आतंकवादियों का सबसे सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। पाकिस्तान खुद भी इस बात से वाकिफ है कि उसकी तरक्की के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा आतंकवाद है, मगर वह उस पर अंकुश लगाने को लेकर कभी संजीदा नजर नहीं आता।



# हमें बस तेज खेलना है, धोनी का बैटिंग पर नहीं उतरना स्ट्रैटजी का हिस्सा - सीएसके कोच



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच माइकल हसी ने कहा कि टीम की स्ट्रैटजी इस वक्त बैटिंग में तेजी से रन बनाने पर है। जो भी पिच पर जा रहा है, उन्हें पहली बॉल से अटैक ही करना है। इसीलिए गुजरात के खिलाफ शिवम दुबे और समीर रिजवी ने पहली बॉल पर ही सिक्स लगा दिया।

दूसरी ओर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब तक एक भी बार बैटिंग करने नहीं उतरे। इस पर हसी ने कहा कि टीम की बैटिंग में गहराई है, इसलिए धोनी को अपनी काबिलियत दिखाने का मौका नहीं मिल रहा।

सीएसके ने आईपीएल में धमाकेदार आगाज किया है और अब तक टूर्नामेंट में 2 मैच जीत लिए। टीम मंगलवार को पिछले सीजन की फाइनलिस्ट गुजरात टाइटंस को मात दी। सीएसके 4 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है।

**इम्पैक्ट प्लेयर के कारण धोनी को नहीं मिल रही बैटिंग**

बैटिंग कोच हसी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हेड कोच फ्लेमिंग (स्टीफन) से चर्चा के बाद ही धोनी का बैटिंग ऑर्डर इतना नीचे किया गया। इम्पैक्ट प्लेयर रूल आने से हर टीम में एक्स्ट्रा बैटर और एक्स्ट्रा बॉलर खेलता है। बैटिंग ऑर्डर में गहराई आ गई है। इसीलिए एमएस धोनी को हमने नंबर-8 पर रखा है, धोनी इस वक्त नेट्स में अच्छी बैटिंग कर रहे हैं।

**नए बैटिंग अप्रोच से खेल रही सीएसके**

हसी ने आगे कहा, इतनी डीप बैटिंग होने के कारण प्लेयर्स को अटैक करने की खुली छूट दी गई है। अगर टॉप ऑर्डर बैटर को थोड़ी भी कन्फ्यूजन हो तो उन्हें बस अटैक करना है। अगर वे आउट भी होते हैं तो उन्हें कोचिंग स्टाफ का सपोर्ट मिलेगा, लेकिन अटैक करना नहीं छोड़ना है। फ्लेमिंग का एक ही कहना है, हमें बस तेज खेलना है और इसी तरह खेलते रहना है।

**रिजवी और दुबे ने पहली बॉल पर लगाया सिक्स**

मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सीएसके के 4 बैटर्स ने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। रचिन रवींद्र ने 20 बॉल पर 46, शिवम दुबे ने 23 बॉल पर 51 और समीर रिजवी ने 6 बॉल पर 14 रन बनाए। तीनों का स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा का रहा। रवींद्र जडेजा ने भी 3 बॉल पर 7 रन बनाए। ष्टस्य़ के कोच इसी अटैकिंग स्ट्रैटजी के बारे में बात कर रहे हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस को 63 रन से हराया। ष्टस्य़ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 206 रन का स्कोर खड़ा किया जो सीजन का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। च्यक्र ने शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ 208 रन बनाए थे। गुजरात से पहले चेन्नई ने ओपनिंग मैच में बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया था। 2 मैच में 2 जीत के साथ सीएसके ने 4 पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं। इसी के साथ टीम पॉइंट्स टेबल में भी टॉप पर पहुंच गई है।

# भारत-पाकिस्तान सीरीज की मेजबानी करना चाहता है ऑस्ट्रेलिया, पहले भी इच्छा जताई थी



**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत-पाकिस्तान के बीच बाइलैट्रल सीरीज की मेजबानी करने के लिए एक बार फिर से अपनी इच्छा जाहिर की है। उनका कहना है कि अगर भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बाइलैट्रल सीरीज खेलने के लिए सहमत हैं तो वे मेजबानी के लिए तैयार हैं। सी ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भी ऐसी इच्छा जताई थी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अपने होम सीजन का शड्यूल जारी किया। इस शेड्यूल के मुताबिक इस साल नवंबर में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें ऑस्ट्रेलिया में होंगी। भारत टेस्ट सीरीज के लिए, तो पाकिस्तान वनडे और टी-20 सीरीज के लिए वहां मौजूद होगा। इसे देखते हुए ही सी ने भारत-पाक सीरीज की मेजबानी की इच्छा दोहराई है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को 2024-25 सीजन का शेड्यूल जारी किया। इस शेड्यूल में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज भी शामिल है। 22 नवंबर को पर्थ में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेला जाएगा। फिर ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से तीसरा टेस्ट और मेलबर्न में 26 दिसंबर से चौथा टेस्ट होगा। आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2025 से सिडनी में खेला जाएगा।

भारत के अलावा पाकिस्तान टीम भी 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। पाकिस्तान का दौरा 4 नवंबर से शुरू होकर 18 नवंबर तक चलेगा। इसके चार दिन बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पार्थ टेस्ट शुरू होगा।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद जताई थी इच्छा**

टी-20 वर्ल्ड कप 2022 ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था। इसका 16वां मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत-पाकिस्तान के बीच खेला गया था। इसमें भारत ने चार विकेट से जीत दर्ज की थी। इसमें रिकॉर्ड 90,293 दर्शकों स्टेडियम पहुंचे थे। इसके बाद से ही सी और एमसीजी ने भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी की इच्छा जताई थी।

# गिल पर लगा 12 लाख का जुर्माना, स्लो ओवर रेट के कारण मिली सजा



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर स्लो ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी बुधवार को दी। दूसरी तरफ वनिंदू हसरंगा सनराइजर्स हैदराबाद के लिए कुछ और मैच नहीं खेल सकेंगे। वह कम से कम एक सप्ताह नहीं खेल सकेंगे। वह विदेश में अपना इलाज करा रहे हैं। आईपीएल के इस सीजन के 7वें मैच में मंगलवार को गुजरात को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टीम के कप्तान शुभमन गिल पर स्लो ओवर रेट के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। आईपीएल ने बुधवार को अपने बयान में कहा, आईपीएल की मिनिमम ओवर रेट से संबंधित

आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन में पहला अपराध है, इसलिए गिल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

चेन्नई ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस को 63 रन से हराया। चेपॉक स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 206 रन बनाए। 207 रन का टारगेट चेज कर रही गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन ही बना सकी। चेन्नई ने मंगलवार को खेले गए मैच में गुजरात को 63 रन से हराया। ष्टस्य़ के कप्तान ऋह्वुराज गायकवाड और त्नञ्ज के कप्तान शुभमन गिल की यह फोटो उसी मैच की है।

**हैदराबाद से अब तक नहीं जुड़े हसरंगा**

श्रीलंका के स्टार लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा अभी तक हैदराबाद की टीम से नहीं जुड़े हैं। उनके कम से कम एक और सप्ताह तक उपलब्ध नहीं रहने की संभावना है। उनकी बाईं एड़ी का पुराना दर्द उभर आया है। इसे लेकर वह विदेश में डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका क्रिकेट के मेडिकल स्टाफ ने उनकी चोट की जांच की है।

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पूर्व कप्तान बाबर आजम को दोबारा लाने पर विचार कर रहा



नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पूर्व कप्तान बाबर आजम को दोबारा लाने पर विचार कर रहा है. पीसीबी को राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने के लिए शान मसूद और शाहीन शाह आफरीदी की क्षमता पर भरोसा नहीं रह गया है. पाक बोर्ड को लगता है कि पूर्व कप्तान बाबर आजम एक बार फिर टीम की कप्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं।

पिछले साल भारत में वनडे वर्ल्ड के दौरान पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी. मसूद को जहां टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं शाहीन को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया।

पीसीबी थिंक टैंक के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि कोई व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बाबर फिर से टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प हैं।एक सूत्र ने बताया,'मजेदार बात यह है कि ऐसा प्रतीत होता है कि बोर्ड के अध्यक्ष में बदलाव के साथ ही पदाधिकारियों ने टेस्ट और टी20 प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने की शान मसूद और शाहीन शाह आफरीदी की क्षमता पर भरोसा खो दिया है।

सूत्र ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि बाबर अब कुछ तेवर दिखा रहे हैं. सूत्र ने कहा, 'बाबर से यह पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या वह फिर से कार्यभार संभालने के लिए तैयार हैं और उन्होंने कुछ आशंकाएं जताई हैं. जाहिर है कि वह बोर्ड अध्यक्ष से कुछ आश्वासन चाहते हैं।जका अशरफ जब पीसीबी अध्यक्ष थे तो विश्व कप के तुरंत बाद बाबर को सफेद गेंद के प्रारूप के कप्तान के पद से हटा दिया गया था. इसके बाद उन्होंने टेस्ट टीम के कप्तान का पद भी छोड़ने का विकल्प चुना।

## व्यापार

# सेंसेक्स 526 अंक चढ़कर 72,996 पर बंद : निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी रही, रिलायंस इंडस्ट्री का शेयर 3.49 प्रतिशत चढ़ा



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में 27 मार्च को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 526 अंक की बढ़त के साथ 72,996 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 118 अंक की तेजी देखने को मिली, ये 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट देखने को मिली है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही। रिलायंस इंडस्ट्री के शेयर में 3.49 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी का शेयर 2.53त्न चढ़कर बंद हुआ। कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स कंपनी स्क्रूरू कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड का आईपीओ यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 26 मार्च से ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 28 मार्च तक बोली लगा सकेंगे।

इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 70 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड ?200-?210 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप ढ्ढक्कह्र के अपर प्राइज बैंड ?210 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,700 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 910 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 191,100 इन्वेस्ट करने होंगे।

इससे पहले कल यानी 26 मार्च को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 361 अंक की गिरावट के साथ 72,470 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 92 अंक की गिरावट रही, ये 22,004 के स्तर पर बंद हुआ था।

# मार्च में 4 ग्लोबल टेक-कंपनियों में 8,000 कर्मचारियों की छंटनी

## एरिक्सन ने 1,200 और डेल टेक्नोलॉजीज ने 6,000 कर्मचारियों को हटाया



**नई दिल्ली।** टेक सेक्टर में कॉस्ट कटिंग के तहत कर्मचारियों की छंटनी मार्च में भी जारी रही। पांच ग्लोबल टेक कंपनियों ने इस महीने 8,000 से ज्यादा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इनमें एपल, आईबीएम, डेल और एरिक्सन शामिल हैं।

इसी महीने 25 तारीख को टेलिकॉम इक्विप्मेंट कंपनी एरिक्सन ने स्वीडन में 1,200 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का ऐलान किया है। कंपनी का यह फैसला इस साल कॉस्ट कटिंग को ध्यान में रख कर लिया है। इनमें एडवाइजर, प्रोसेस रिस्ट्रक्चरिंग और सुविधाओं में कटौती शामिल है। कंपनी ने पिछले साल भी 8,500 कर्मियों को हटाया था।

एपल ने इसी महीने एक महंगा रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट बंद कर दिया है। कंपनी ने फ्यूचर के एपल वॉच मॉडल्स के लिए माइक्रो एलआईडी डिस्प्ले डेवलप करने के प्रयास बंद कर दिए हैं। इसके लिए एपल ने डिस्प्ले इंजीनियरिंग टीम की रिस्ट्रक्चरिंग की, जिसके चलते अमेरिका और एशिया में बड़े लेवल पर जॉब कट किए गए।

**डेल में दो साल में दूसरी बड़ी छंटनी, अब 1.2 लाख स्टाफ**

अमेरिकी कम्प्यूटर कंपनी डेल टेक्नोलॉजीज ने दो साल में दूसरी बार छंटनी की है। इस बार कंपनी ने 6,000 कर्मचारियों को हटाया है। कंपनी में अब 1.20 लाख कर्मचारी रह गए हैं, जो एक साल पहले

1.26 लाख थे। कंपनी ने यह फैसला कॉस्ट कटिंग के चलते लिया है। आईबीएम के चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर जोनाथन अदाशेक ने 12 मार्च को मार्केटिंग और कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के आधे से ज्यादा कर्मचारियों को हटा दिया। अगस्त, 2023 में भी कंपनी ने करीब 8,000 जॉब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से करवाने की घोषणा की थी।

# लंदन के साइंस म्यूजियम में खुली अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी

## यहां क्लाइमेट चेंज की समस्याओं से निपटने के तरीकों को शोकेस किया जाएगा



**नई दिल्ली।** लंदन के साइंस म्यूजियम ने आज यानी 26 मार्च को अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी ओपन की है। इस गैलरी में पर्यावरण में सस्टेनेबिलिटी, बदलाव करने वाले टेक्नोलॉजी और क्लाइसमेट साइंस के बारे में जानकारी देने वाले चीजों को शोकेस किया गया है। यह एक फ्री गैलरी है।

एनर्जी रिवॉल्यूशन - द अडाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी के नाम के इस गैलरी के उद्घाटन के मौके पर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा, %हमें सर टिमोथी लॉरेंस और सर इयान ब्लैचफोर्ड के नेतृत्व में साइंस गैलरी के साथ पार्टनर्शिप पर गर्व है।

इस पार्टनर्शिप के चलते ही आश्चर्यचकित करने वाली यह गैलरी बनी है। जो मुख्य रूप से यह बताएगी कि रिन्युएबल एनर्जी क्लाइमेट चेंज की समस्याओं से बचने के लिए कैसे काम आ सकती है।

**सूर्य और हवा की शक्ति की याद दिलाएगी**

एक अन्य पोस्ट में गौतम अडाणी ने लिखा, इस गैलरी को बनाने की घोषणा 2021 में हुई थी। हम इस एनर्जी रिवॉल्यूशन को सपोर्ट करने के लिए उत्साहित हैं। नई गैलरी यह बताएगी कि हम कम कार्बन टेक्नोलॉजी के जरिए कैसे भविष्य को कैसे ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। यह हमारे रोजमर्रा के जीवन में सूर्य और हवा की शक्ति की याद दिलाएगी।

**समकालीन और ऐतिहासिक चीजों की प्रदर्शनी**

इस गैलरी में यूके और विदेशों से समकालीन और ऐतिहासिक चीजों की प्रदर्शनी, इंटरैक्टिव डिजिटल प्रदर्शनी और विशेष रूप से कमीशन किए गए मॉडल्स की प्रदर्शनी लगाई गई है।

गैलरी के फ्यूचर प्लैनेट सेक्शन में, प्लैनेट के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कॉम्प्लेक्स कंप्यूटर-बेस्ड मॉडल को शोकेस किया गया है।

**सागर अडाणी बोले- नए माइंड को इंस्पायर करना चाहते हैं**

अडाणी ग्रीन एनर्जी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सागर अडाणी ने कहा, इस गैलरी के स्पॉन्सरशिप के जरिए हम नए माइंड्स, वैज्ञानिकों और इनोवेशन को क्लीन एनर्जी और कार्बन-फ्री दुनिया बनाने के प्रोजेक्ट पर सोचने और काम करने के लिए इंस्पायर करना चाहते हैं।

यह उनके इंटरेस्ट, क्यूरियोसिटी और जागरूकता को प्रोत्साहित करने और क्लीन टेक्नोलॉजी के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने की एक पहल है।

# देश के शीर्ष सात शहरों में जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी, मुंबई रही टॉप पर



नई दिल्ली। देश में घरों की बिक्री को लेकर एनारॉक ने एक रिपोर्ट पेश किया है। एनारॉक की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी-मार्च अवधि के दौरान देश के 7 मुख शहरों में आवास की बिक्री में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घरों की औसत कीमतों में 10 से 32 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी लगातार मांग बढ़ने की वजह से हुई है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद में आवासीय संपत्तियों की बिक्री बढ़ी, लेकिन दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और कोलकाता में गिरावट आई। बुधवार को रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने देश के शीर्ष सात प्राथमिक (पहली बिक्री) आवासीय बाजारों के लिए अपना डेटा जारी किया।

आंकड़ों के अनुसार देश के शीर्ष सात शहरों में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान आवास की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 1,30,170 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 1,13,775 इकाई थी।

एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा 1.5 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले महंगे घरों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इस तिमाही में पिछले दशक में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई है।

**किस शहर में कितनी हुई घरों की बिक्री**

जनवरी-मार्च के दौरान मुंबई में आवास की बिक्री 24 फीसदी बढ़कर 42,920 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 34,690 इकाई थी। वही, पुणे में आवास की बिक्री 19,920 इकाइयों से 15 प्रतिशत बढ़कर 22,990 इकाई हो गई। हैदराबाद में आवास बिक्री 38 प्रतिशत बढ़कर 14,280 इकाइयों से 19,660 इकाई हो गई। बेंगलुरु में आवास की बिक्री 15,660 इकाइयों से 14 प्रतिशत बढ़कर 17,790 इकाई हो गई। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री में 9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 17,160 इकाइयों से 15,650 इकाइयों पर आ गई। कोलकाता में आवास की बिक्री भी 6,185 इकाइयों से 9 प्रतिशत गिरकर 5,650 इकाई होने का अनुमान है। चेन्नई में इस साल जनवरी-मार्च अवधि के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री 6 प्रतिशत घटकर 5,510 इकाई रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 5,880 इकाई थी। देश शीर्ष 7 शहरों में औसत आवासीय संपत्ति की कीमतों में 2024 की पहली तिमाही में सालाना 10-32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए बार्डर मीटिंग संपन्न

## वर्चुअली माध्यम से जुडे मप्र और राजस्थान के जिलो के अधिकारी

**श्योपुर,** कमिश्नर चंबल संजीव कुमार झा तथा कोटा कमिश्नर श्रीमती उर्मिला राजौरिया की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलो तथा संभागों की वर्चुअली बैठक संपन्न हुई, जिसमें निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं स्वतंत्र रूप से मतदान के लिए सभी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किये जाने की रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा संपन्न हुई। इस अवसर पर आईजी ग्वालियर, डीआईजी चंबल सहित शिवपुरी, गुना, राजगढ, रतलाम, मंदसौर, कोटा, बारा, झालावाड सीमावर्ती जिलो के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारी उपस्थित रहें। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष श्योपुर में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आंनद, अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र सिंह तोमर आदि उपस्थित थे।



बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक उपाय आपस में मिलकर किये जाने तथा राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में दोनो स्थानों पर लोकसभा निर्वाचन के दौरान बार्डर सीलिंग के साथ ही चैकपोस्ट आदि सतत् रूप से सक्रिय रखने के संबंध में चर्चा की गई। बार्डर पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा अपने-अपने जिलो में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के साथ ही फरार तथा निगरानी शुदा बदमाशो एवं वांरटियों की सूची सीमावर्ती जिलो को एक-दूसरे को उपलब्ध कराने तथा बदमाशो की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने की रणनीति तैयार की गई। साथ ही दोनो ओर के जिलो के अधिकारियों को सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं आपसी समन्वय से कार्य करने की अपेक्षा की गई।

इस अवसर पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने जानकारी दी कि श्योपुर जिले की सीमा कोटा, करौली, सवाई माधोपुर एव बांरा जिलो से लगती है, जिले के कुल 75 पोलिंग स्टेशन इन सीमावर्ती क्षेत्रो में स्थित है। करोली-सवाई माधोपुर के साथ पूर्व में बैठक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोटा तथा बांरा जिलो के सीमावर्ती क्षेत्र में 38 पोलिंग स्टेशन है, जिनमें कोटा जिले की सीमावर्ती 13 तथा बांरा जिले के सीमावर्ती 25 पोलिंग स्टेशन शामिल है। कोटा-बांरा जिलो की सीमा क्षेत्र में एसएसटी नाके सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक आंनद ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रो में 10 नाके बनाये गये है, जो शुरू दिये गये है, इन चैकपोस्ट पर एसएसटी एवं एफएसटी की टीमे तैनात की गई है। कोटा एवं बांरा जिले की सीमा पर जलालपुरा, कुंहाजापुर, सूंसवाडा, करियादेह नाके सक्रिय है, उन्होंने कहा कि फरारी बदमाशो एवं स्थाई वांरटियो की सूची भी शेयर कर दी गई है। चैक पोस्ट के अलावा नदियों के रास्तो पर भी निगरानी रखी जायेगी।

# शिवपुरी जिले में रही होली की धूम, युवाओं की टोलियों ने मचाया धमाल

**शिवपुरी।** शिवपुरी शहर के साथ पूरे अंचल में होली का त्योहार सोमवार को परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया। स्थिति यह रही कि सुबह से ही होली के हुड़दंगियों की टोलियां सड़कों पर झूमते हुए देखी जा रहीं थीं। वहीं बच्चे भी अपने-अपने अंदाज में होली खेलने मोहल्लों की सड़कों पर उतरे जबकि युवकों और बुजुर्गो ने भी एक-दूसरे को गुलाल के साथ गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। शिवपुरी जिले के पिछोर, करेरा, कोलारस, पोहरी, खनियाधाना, बैराड़, नरवर, बदरवास एवं अन्य ग्रामीण अंचल में भी होली का धमाल देखने को मिला।

डीजे से लेकर ढोल की धमक पर टोलियां शहर के विभिन्ना मार्गो पर रंगों में सराबोर होकर गुलाल उड़ाते नजर आई। वहीं सुबह से ही मौसम में परिवर्तन हुआ। कभी बारिश तो कभी ठंडी हवाएं दिनभर चलती रही, लेकिन इसके बाद भी होली के पर्व का आनंद सभी ने जमकर लिया।



### गली मोहल्लों में रही होली पर्व की धूम

होली के त्योहार पर इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की भांति जिले में लोग रंग, अबीर और गुलाल से सरावोर होते दिखाई दिए। शहर में जहां सुबह होते ही सड़कों पर ढोल-तांशों के साथ हुड़दंगियों की टोली झूमते गाते निकल पड़ी वहीं शहर के गली मौहल्लों के बच्चे भी होली के इस त्योहार पर पीछे नहीं रहे और घरों से निकलकर बच्चों ने एक दूसरे के साथ जमकर होली का आनंद उठाया। साथ ही युवाओं की टोलियां अपनी-अपनी मोटर साईकलों पर सवार होकर शहर की तमाम सड़कों पर उछल कूंद करते होली का मस्ती भरा त्योहार मनाते देखे गए।

### डीजे पर थिरके युवा

होली को पूरे उत्साह के साथ मनाते हुए होली के हुरियारों ने जमकर मस्ती की। युवा मंडलियों द्वारा शहर में जगह-जगह डीजे साउंड लगवाकर होली के तमाम फिल्मी और गैर फिल्मी गीतों पर अपने पैर पटके वहीं इस दौरान ठंडाई व भांग के साथ विभिन्न प्रकार के नशों के सुरूर में लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल के साथ रंगकर होली की बधाइयां देते दिखाई दिए। हर गली मौहल्ले में होली का हुड़दंग दोपहर बाद तक दिखाई दिया। डीजे पर देशभक्ति की धुनें भी इस बार सुनाई दी।

### महिलाओं की टोलियां भी नहीं रहीं पीछे

शहर भर में होली का हुड़दंग ना केवल युवाओं व छोटे-छोटे बच्चों के बीच देखा जा रहा था, बल्कि शहर की युवतियां और महिलाएं भी होली के इस हुड़दंग में पीछे नहीं रहीं। कई मोहल्लों और कॉलोनियों में महिलाओं के साथ युवतियों की टोलियां भी एक-दूसरे को रंगती देखी गई, जहां युवतियों व महिलाओं की टोली रंग से सराबोर होती कॉलोनी व मोहल्लों में घूमती नजर आई।

# इंदौर जिले में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए होंगे लगातार विभिन्न आयोजन

**इन्दौर।** इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में विशेष प्रयास किये जा रहे है। इन्हीं प्रयासों के अन्तर्गत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार विभिन्न आयोजन किये जायेंगे। इन आयोजनों में समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्यक्रमों का आयोजन 2 अप्रैल से लेकर 10 मई तक चार चरणों में करने के निर्देश दिये गये है।जनजागरूकता अभियान(स्वीप) के नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जनपद पंचायत,स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य सहयोगी विभागों के माध्यम से मतदाता जागरूकता हेतु जागरूकता रैली/रांगोली/ मेहंदी/दीवार लेखन आदि गतिविधिया की जायेंगी। इसके लिए कैलेण्डर तैयार कर निर्धारित समय पर उक्त कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये गये है। साथ ही निर्देश दिये गये है कि जागरूकता गतिविधियों का आयोजन सभी जनपद पंचायत उनके क्षेत्र के बीएलओं/स्थानीय शिक्षक/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/आजीविका दल के साथ कराना सुनिश्चित करें। मतदान संपन्न होने तक जन जागरूकता गतिविधियों का स्थानीय स्तर पर सतत् आयोजन किया जाये। इन कार्यक्रमों में संकुल स्तर पर दिव्यांग मतदाता सम्मेलन भी आयोजित करें। सायकल रैली/सम्मान समारोह आयोजित किये जाये। प्रत्येक ग्राम में बीएलओ एवं ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के दल की बैठक का आयोजन किया जाये। प्रत्येक ग्राम में बीएलओ एवं पंचायत सचिव द्वारा 50 से 200 युवा मतदाताओं के साथ चुनावी पाठशाला की गतिविधि का आयोजन हो। प्रत्येक पंचायत में वरिष्ठ मतदाता सम्मेलन तथा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित करें। बडी फेक्ट्रियों/नियोजन स्थानों पर बैठक आयोजित की जाये। आजीविका मिशन की मतदाता जागरूकता रैली आयोजित करें। स्कूल तथा आँगनवाडी क्षेत्र के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाले एवं रैली के पश्चात मानव श्रंखला बनाये। बडे ग्रामों मे सार्वजनिक चौक में फ्लैक्स/दीवार पर हस्ताक्षर अभियान चलाये एवं प्रत्येक ग्राम मे संकल्प पत्र भरवाये। बडे ग्रामों मे सार्वजनिक चौक में मेगा रांगोली बनाना एवं प्रत्येक ग्राम में मेंहदी बनाने के कार्यक्रम हो। संकुल स्तर पर वोट मैराथन का अयोजन किये जाये। साइकिल एवं बाईक रैली निकाले संकुल स्तर पर स्वीप चिन्हों की मानव आकृति बनाये। मतदाताओं को मतदान हेतु आमंत्रण पत्र का वितरण करें। मतदान केन्द्र पर श्रम दान कर उसकी साज-सज्जा करें।

# राजाराम शिवहरे ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र के महुआ खेड़ा, में बैठक ली



**विदिशा।** लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी कै लोकप्रिये प्रत्याशी माननीय शिवराज सिंह चौहान पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र विदिशा के महुआ खेड़ा ग्राम में आज पिछड़ा वर्ग मोर्चे के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई बैठक को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री नर्मदापुरम संभाग एवं विदिशा लोकसभा के प्रभारी राजाराम शिवहरे ने संबोधित किया बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक एवं बघेल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी फूल सिंह बघेल ने की राजाराम शिवहरे ने पदाधिकारी को संबोधित करते हुए 40 दिवस की कार्य योजना बताई जिसमें प्रत्येक पदाधिकारी को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की जनहितेसी नीतियों के प्रचार प्रसार हेतु प्रतिदिन कम से कम प्रत्येक पदाधिकारी को पांच से दस परिवारों से संपर्क करना है एवं पीले चावल देकर मतदान करने का संकल्प दिलाना है।इस प्रकार यदि एक व्यक्ति प्रतिदिन पांच परिवारों से भी संपर्क करेगा तो मण्डल में निवास करने वाले सभी परिवारों से मंडल के पदाधिकारियों का संपर्क हो सकेंगा समस्त पदाधिकारी ने इस बात हेतु सहमति जताई एवं विश्वास दिलाया कि सभी पदाधिकारी प्रतिदिन 5 से 10 परिवारों के घर पर जाकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे और मध्य प्रदेश ही नहीं संपूर्ण भारतवर्ष में शिवराज सिंह चौहान को सर्वाधिक मतों से विजय बनाकर अपने क्षेत्र का मान बढ़ाएंगे इस अवसर पर बैठक में निम्न लोग उपस्थित थे।

# द्वारकाधीश महिला मंडल द्वारा रासलीला का आयोजन किया गया



**ग्वालियर।** द्वारकाधीश मंदिर थाटीपुर मैं भगवान द्वारकाधीश ने भक्तों के साथ होली खेली मानो ऐसा लग रहा था कि बरसाना और श्री बांके बिहारी स्वयं भक्तों को अपने दर्शन देने के लिए प्रकट हुए हैं और फूल और चंदन के साथ सभी भक्तों ने होली खेली इस अवसर पर द्वारकाधीश महिला मंडल एवं द्वारकाधीश कमेटी के द्वारा रासलीला का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर द्वारकाधीश मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पारस जैन सचिव जगदीश मित्तल संरक्षक गोपाल कृष्ण खंडेलवाल के.के.महेश्वरी सोनू मंगल अशोक अग्रवाल सतीश खंडेलवाल अरुण मित्तल विजय गर्ग तारा चंद राजेंद्र खंडेलवाल बबलू गुर्जर मोनू राणा एवं महिला मंडल की पूनम जैन रेखा मित्तल रुक्मणी बंसल संगीता अग्रवाल तथा कार्यक्रम की संयोजक चित्रलेखा अग्रवाल सोनू अग्रवाल शैली अग्रवाल वर्षा अग्रवाल मानवीय अग्रवाल मोहिनी अग्रवाल सिया शर्मा विजय शर्मा मोनिका गुप्ता और मनीष गुप्ता थी

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के नेतृत्व में होली महोत्सव का आयोजन 30 को

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य के नेतृत्व में 30 मार्च को विधानसभा क्षेत्र गोहद के नगर पालिका परिषद में बड़ी धूमधाम से होली मिलन कार्यक्रम उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं सर्व समाज की जनता को आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में होली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सर्वव्यापी बनाए उन्होंने कहा कि होली हमारे भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जिससे शांति सद्भावना एवं भाईचारे का



संदेश एक दूसरे में जागृत होता है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य ने बताया की होली मिलन कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अपील भी की जाएगी और साथ ही मोदी गुलाल लगाकर उनकी राम-राम पहुंच कर चुनाव अभियान को बहुत विधानसभा में ऐतिहासिक बनाकर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीतने के लिए आभार किया जाएगा। मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य समस्त गोहद विधानसभा के साथ-साथ सभी बूथ तक के कार्यकर्ताओं को होली मिलन कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

## लोकसभा निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा बैठक 30 को

**श्योपुर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार जांगिड की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन 30 मार्च 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांय 05 बजे से रखा गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अनुज कुमार रोहतगी ने बताया कि बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक आंनद सहित श्योपुर एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निग आफिसर, एसडीएम कराहल, एसडीओपी श्योपुर, विजयपुर तथा जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

## गाड़ी संख्या 22221/ 22222 मुंबई - निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थर्ड एसी (3AC) कोच

**झांसी।** रेल प्रशासन द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, दिल्ली मुंबई की मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 22221/ 22222 मुंबई -निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच (3AC) कोच स्थाई रूप से लगाया जा रहा है । जिसके साथ ही गाड़ी में लगे कुल कोचों की संख्या 20 से 21 हो जायेगी । गाड़ी संख्या 22221 मुंबई से दिनांक 01.04.24 से इस नए कोच फॉर्मेशन के साथ संचालित की जाएगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22222 निजामुद्दीन से दिनांक 02.04.2024 से नए कोच फॉर्मेशन के साथ संचालित की जाएगी ।

# उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक रविंद्र गोयल द्वारा अपने दो दिवसीय दौरा कार्यकर्म के अंतर्गत वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से सिथौली रेलखंड के मध्य विण्डो ट्रेलिंग तथा सिथौली स्थित रेल स्प्रिंग कारखाने का गहन निरीक्षण किया

**झांसी।** महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे रविन्द्र गोयल द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक झाँसी दीपक कुमार सिन्हा के साथ झांसी से सिथौली के मध्य विण्डो ट्रेलिंग (निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण) किया गया। जिसमें गोयल ने तीसरी लाइन की प्रगति का जायजा लेने के साथ स्टेशनों पर संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं पर मण्डल रेल प्रबंधक के साथ चर्चा की। विंडो ट्रेलिंग% निरीक्षण एक विशेष निरीक्षण होता है जिसमे रेल पथ एवं उसके पास के सभी इंस्टांलेशनो जैसे सिगनल, ओएचई, प्लेटफॉर्म इत्यादि का चलती हुई गाड़ी मे लगे निरीक्षण यान की पिछली खिड़की से निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान मार्ग मे पड़ने वाले स्टेशनों की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं, पटरी के आसपास स्क्रैप की स्थिति, राइडिंग क्वालिटी विशेष तौर से प्वॉइंट एवं क्रॉसिंग पर ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स मे सुधार, ओएचई की स्थि?ति को देखा जाता है ढ्ढ झांसी- सिथौली रेलखंड के निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा तीसरी लाइन का कार्य देखा तथा समीक्षा की ढ्ढ सिथौली उतरकर महाप्रबंधक ने रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली का सघन निरीक्षण व सम्बंधित अधिकारीयों के साथ विस्तृत चर्चा की 7 इस दौरान महाप्रबन्धक ने कारखाने में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं का बारीकी से निरीक्षण किया, जिसमें इनकमिंग रॉ मटीरियल, ऐण्ड टेपरिंग, बार हीटिंग, कॉयलिंग, क्वेंचिंग, टेम्परिंग, हॉट स्क्रेगिंग, ऐण्ड ग्राइण्डिंग, शॉट पीनिंग, कॉइल क्रैक टेस्टिंग, फॉस्फेटिंग, पेण्टिंग, लोड टेस्टिंग व पैकिंग की प्रक्रिया को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान कारखाना से सम्बन्धित आवश्यकताओं को तुरन्त मुहैया कराने के भी निर्देश दिये। महाप्रबन्धक ने कहा कि हम सदैव पहले से बेहतर की ओर बढ़ते रहें और अपनी विफलता का विश्लेषण करें तथा लगातार बेहतर करने के लिए समर्पित रहें। इसके उपरान्त महाप्रबंधक ने ट्रेड यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ कर्मचारियों के हितों पर चर्चा की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक झांसी दीपक कुमार सिन्हा तथा मुख्य कारखाना प्रबंधक अजय श्रीवास्तव, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर आर.के. मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है की इस कारखाने की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी तथा स्प्रिंग बनाने में इस कारखाने को विशेष महारत हासिल है। रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली रेलवे स्टेशन के पास ग्वालियर रेलवे स्टेशन के दक्षिण में लगभग 12.8 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। यह भारतीय रेलवे के विभिन्न प्रकार के रोलिंग स्टॉक के लिए हॉट कॉइल स्प्रिंग्स के निर्माण के लिए एक अनूठी कार्यशाला है। वर्तमान में इस काखाने में कोचिंग स्टॉक के लिए कॉइल स्प्रिंग्स निर्मित की जा रही हैं। कारखाना निरीक्षण के पश्चात ग्वालियर पहुंचकर महाप्रबंधक द्वारा स्टेशन का सघन निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति को बारीकी से देखा। निरीक्षण के दौरान ट्रैक और संरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार दिशा निर्देशित किया। महाप्रबंधक द्वारा मीडिया से विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की ढ्ढ निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ल, वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) सुधीर कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण एवं वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर नरेन्द्र सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलिकॉम इंजिनीयर मेन लाइन विष्णु शंकर गुप्ता सहित अन्य अधिकारी, निरीक्षक, पर्यवेक्षक उपस्थित रहे

# इंसानी सोच के अंधेरों में उतरने के लिए हो जाइए तैयारः मनोरंजक थ्रिलर 'वध' का प्रीमियर एंड एक्सप्लोर एचडी पर

अंधेरे की गहराइयों को टटोलने के लिए तैयार हो जाइए! एंड एक्सप्लोर एचडी पर होने जा रहा है बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म, 'वध' का प्रीमियर 30 मार्च, शनिवार को रात 9 बजे। यह रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी इंसानी सोच की हदों से आगे बढ़ने का वादा करती है, और किरदारों को अपने अंदर के राक्षसों का सामना करने और अपनी सबसे गहरी फितरत को उजागर करने के लिए मजबूर करती है। वध का विशेष रूप से प्रीमियर एंड एक्सप्लोर एचडी पर होने वाला है, जो एक ऐसा चैनल है जो हर फिल्म प्रेमी की मनोरंजन की चाहत को पूरा करता है जो कि अनरूटीन, अनएक्सपेक्टेड और अनफॉर्मूला है। इसमें फिल्मों का एक विशाल भंडार है जो कहानी कहने की ऐसी खोज करता है जैसी पहले कभी नहीं हुई।

दूरदर्शी फिल्म निर्माता जसपाल सिंह संधू और राजीव बरनवाल द्वारा निर्देशित, 'वध' दर्शकों को एक दिलचस्प कहानी में ले जाती है, जहां हर किरदार को उनकी हदों तक परखा जाता है, जो अंततः उनके अंधेरे पक्ष की गहराई को उजागर करता है। रहस्यमय मोड़ से लेकर दिल दहला देने वाले राज तक, यह फिल्म एक बेमिसाल सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

'वध' की कास्टिंग परफेक्शन से कम नहीं है, जिसमें हर एक्टर कुशलतापूर्वक अपने किरदारों को सटीकता और गहराई के साथ निभाता है। नीना गुप्ता, संजय मिश्रा और सौरभ सचदेवा ने बेमिसाल परफॉर्मेंस दी, और किरदारों को गजब की विश्वसनीयता के साथ पेश किया।

फिल्म में एक उलझा हुआ रहस्यमय किरदार निभाने वालीं नीना गुप्ता ने सेट पर अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, 'वध' में काम करना किसी अन्य रोल के विपरीत एक रोमांचक अनुभव था। कहानी की तीव्रता ने मुझे एक एक्टर के रूप में चुनौती दी। मुझे इस तरह की मनोरंजक कहानी का हिस्सा होने पर गर्व है। इसमें दर्शकों को उतार-चढ़ाव भरे एक सफर पर चलने का मौका मिलेगा। फिल्म की शूटिंग के दौरान मैं इस किरदार में इतना डूब जाती थी कि कभी-कभी मुझे इसकी सिहरन महसूस होती थी।




अपने बहुमुखी किरदारों के लिए मशहूर संजय मिश्रा ने फिल्म के प्रीमियर के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'वध' की स्क्रिप्ट ने मुझे तुरंत अपनी गहराई और दिलचस्पी से आकर्षित कर लिया। मेरे किरदार को जीवंत बनाना उत्साहजनक और डिमांडिंग दोनों था, और मुझे उस पल का इंतजार है जब दर्शक एंड एक्सप्लोर एचडी पर हमारी कड़ी मेहनत का परिणाम देखेंगे। जैसा कि मुझे लगता है कि यह मेरे बेस्ट कामों में से एक है जो मेरी अद्वितीय अभिनय प्रतिभा को उजागर करता है। इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हुए, राजीव बरनवाल और जसपाल सिंह संधू ने फिल्म के दिलचस्प और दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखने की क्षमता पर जोर दिया। बरनवाल ने कहा, इंसानी दिमाग की सबसे अंधेरी गहराइयों में उतरें, और मेरा मानना है कि हमने इस फिल्म के साथ यह हासिल किया है। कथा मनोरंजक है, किरदारों के कई पहलू हैं, और मैं एंड एक्सप्लोर एचडी पर दर्शकों के हमारी मेहनत को देखने के लिए रोमांचित हूं।

जसपाल सिंह संधू ने कहा, 'वध' को जीवंत करना जुनून और लगन से प्रेरित एक सहयोगात्मक प्रयास था। हमारा लक्ष्य पारंपरिक कहानी कहने को चुनौती देना और दर्शकों को एक सिनेमाई अनुभव देना है जो क्रेडिट रोल के बाद भी लंबे समय तक बना रहता है। प्रतिभाशाली कलाकारों और रोमांचक कहानी के साथ, मुझे विश्वास है कि दर्शक शुरू से अंत तक अपनी सीटों से बंधे रहेंगे। एंड एक्सप्लोर एचडी पर प्रीमियर हमारी रचनात्मक यात्रा का प्रतीक है, और मैं दर्शकों के साथ इस यादगार सफर पर चलने के लिए उत्सुक हूं।

प्रतिभाशाली लीड एक्टर सौरभ सचदेवा ने कहा, 'वध' में मुख्य भूमिका निभाना एक एक्टर के रूप में मेरे लिए एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है। किरदार की उलझनों में गहराई से उतरने से मुझे उन तरीकों से चुनौती मिली, जिनकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, और मुझे इसके परिणाम पर बेहद गर्व है। एंड एक्सप्लोर एचडी पर प्रीमियर पूरी टीम की महीनों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, और मैं दर्शकों द्वारा स्क्रीन पर हमारे सामूहिक प्रयास को देखने का इंतजार नहीं कर सकता। आप भी इसकी गहराई में उतरने के लिए तैयार हो जाइए।

'वध' एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति होने का वादा करती है जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधकर रखेगी।

प्रीमियर देखना न भूलें इस शनिवार 30 मार्च को, एंड एक्सप्लोर एचडी पर।

## जिंदगी में रंग जरुरी है

आनंद से भरा होता हैं रँगपंचमी का
त्योहार, जिसमें अनेकता में एकता
का होता हैं विचार, खुशहाली जैसे
जिंदगी में जिसके होते हैं रंग, जिंदगी
ना होती हैं फिर कभी किसी की बेरंग
रंग चाहे जैसा हो जिंदगी में बहुत
जरुरी है, रंग न हो तो जिंदगी जीना
मजबूरी है, जिंदगी में कोई भी हो रंग
खुशियां आ ही जाती हैं, प्रेम का रंग
न बरसे तो दुनिया वीरान हो जाती है
रंग तो खुशियां बांटे कष्टों की जल
जाए होली, रूठे मान जाए तो गीत
गाए मिलकर हम सब हमजोली।



नीता सिंह
सहायक प्राध्यापक
हिंदी विभाग, अम्बाह स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय

# जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो: कलेक्टर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट लिखित में निर्देश दिये है कि जिले में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन हो।

आदर्श आचार संहिता में रैली, जुलूस, सभा की अनुमति सिगंल विन्डो प्रक्रिया से ली जा सकेगी। उसमें ''पहले आओ पहले पाओं'' का नियम लागू रहेगा। लाउड स्पीकर की परमिशन लेनी पड़ेगी, जो प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही दी जायेगी। पुतला दहन नहीं किया जायेगा। वाहनों की अनुमती एसेम्बलीय सेगमेंट वार अनुविभागियों अधिकारियों से लेने होगी। एक से अधिक एसेम्बलीय सेगमेंट की अनुमति अपर कलेक्टर द्वारा दी जाएगी।

सी-विजिल और एफएसटी सक्रिय हो जायेगी। जिसके तहत आमजन कोई शिकायत कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने की अंतिम तिथि के बाद मतदाता सूची से नाम काटने का कार्य



बन्द हो जायेगा। एएसडी सूची बनाई जायेगी। निजी परिसरों, संपत्तियों पर पोस्टर, बेनर, दीवार लेखन के लिए परिसर के स्वामी की लिखित अनुमति आवश्यक है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी, उक्त कार्य के प्रायोजनार्थ पदाभिहित अधिकारी को 3 दिवस के अंदर प्रस्तुत की जानी चाहिए। प्रचार सामग्री परिवहन व प्रचार प्रसार करने हेतु बाल श्रमिकों (14 वर्ष से कम) का उपयोग नहीं किया जायेगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व प्रिंट मीडिया पर प्रकाशित विज्ञापनों का प्रमाणिकरण आवश्यक है। मतदान समाप्ति से पूर्व अंतिम 48 घंटों में बल्क एसएमएस पर प्रतिबंध रहेगा। आपत्तिजनक संदेशयुक्त एस.एम.एस. का सोशल मीडिया पर प्रेशण निषेद्ध है। किसी भी व्यक्ति मतदान केन्द्र की 100 मीटर की परिधि में और मतदान केन्द्र के भीतर मोबाइल फोन, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। मतदान समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व से जनसभाएं करना लाउडस्पीकर का उपयोग रैली आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है।

# शासकीय कर्मचारियों को करना होगा आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन

## चुनाव प्रचार या चुनावी अभियान में शामिल नहीं हो सकेंगे शासकीय कर्मचारी

**मुरैना।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अंकित अस्थाना ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि चुनाव के दौरान शासकीय सेवकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा तथा अपने आचरण एवं व्यवहार में पूर्ण निष्पक्षता बरतनी होगी। शासकीय कर्मचारियों को चुनाव में न केवल निष्पक्ष रहना चाहिये, बल्कि जनता को उनकी निष्पक्षता का विश्वास भी होना चाहिए। उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे ऐसी शंका हो कि वे किसी दल या उम्मीदवार की मदद कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शासकीय कर्मचारी किसी भी प्रकार चुनाव प्रचार या अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे, जिससे उनकी अधिकारिता या पद का लाभ कोई दल या उम्मीदवार न ले सकें। आदेश के अनुसार निर्वाचन में किसी अभ्यर्थी के लिए कार्य करना मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के विपरीत होगा। इसी प्रकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129 एवं 134(क) के अनुसार निर्वाचनो से संलग्न अधिकारी, कर्मचारी न तो किसी अभ्यर्थी के लिए कार्य करेगा और न मत दिए जाने में कोई असर डालेगा। कोई भी शासकीय सेवक निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता या गणना अभिकर्ता के रूप में कार्य नहीं कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28(क) के अधीन नियमों के संचालन के लिए सुनियोजित समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा राज्य सरकार द्वारा पदाभिहित पुलिस अधिकारी निर्वाचन के परिणाम घोषित होने तक निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जायेंगे तथा निर्वाचन आयोग के नियंत्रण और अनुशासन के अधीन रहेंगे। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान पदीय कर्त्तव्यों की अवहेलना करने वाले शासकीय सेवकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## अनोखी होली की परंपरा को जीवंत रखा है शेखपुर वासियों ने

# धूरेंडी के दिन सोलह श्रृंगार कर बहन-बेटियां पहुंचीं गांव में द्वार-द्वार पर





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** गांव में सामाजिक समरसता के साथ होली मनाये जाने की सदियों पुरानी परपंरा को आज भी जीवंत रखा जा रहा है। होलिका दहन से लेकर धूलेंडी के दूसरे दिवस तक चार बार गांव के घर-घर पर महिला पुरुषों द्वारा दस्तक दिए जाने से वर्ष भर के आपसी मनभेद भी मिटा दिए जाते हैं। इस सामूहिक मेल मिलाप से सामाजिक सोहाद्र बरकरार रखने का कार्य किया जा रहा है। गांव के बुजुर्ग पुरुष एवं महिला इसे स्थानीय संत महाराज विजयानंद जी की धार्मिक मान्यता व प्रथा को पूर्ण करना बताते हैं। वहीं शारीरिक सौष्ठव के लिए दूर दूर तक प्रसिद्ध नाल उठाने की प्रतियोगिता में भी अनेक गांव के प्रतिभागी शामिल होते हैं।

जिला मुरैना की कैलारस तहसील के शेखपुर गांव में 400 वर्षो से होली का पर्व अनोखी परपंरा के साथ मनाया जाता है । होलिका दहन के पश्चात ही पुरुष व महिलाएं गांव में घर घर फेरी लगाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगों के त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। धुलेंडी के दिन सुबह गांव के पुरूष प्रभातफेरी निकालकर घर घर में मेल मिलाप करते हैं । वहीं शाम को गांव की एक- एक महिला सुसज्जित होकर घर घर जाती है। धुलेंडी के दूसरे दिवस सुबह भी एक बार फिर महिलाएं प्रभातफेरी निकाली हैं। इससे वर्ष भर का अवसाद तो मिटता ही है, वहीं सामाजिक सोहाद्र बढ़ जाता है।इस परपंरा को गांव के ही संत महाराज बाबा विजयानंद का आशीर्वाद मानकर करते आ रहें हैं ।पुरूषों व्दारा होली के फाग का भी प्रतियोगिता जैसा गायन होता है । इसमें अनेक गांवों के स्थानीय लोक कलाकार समूह शामिल होते हैं। लगभग तीन से चार घंटे तक शेखपुरा गांव वासियों के साथ-साथ आए हुए मेहमान भी लोक गायन का आनंद लेते हैं। अनोखी होली में गांव की सभी बहन बेटियां अपने ससुराल से होली का पर्व मनाने आती हैं। वही गांव के सभी मान्यवर भी दूर दराज शहरों से गांव शेखपुर आते हैं जहां परिजन उनका सम्मान करते हैं।

गांव के बुजुर्ग रूपसिंह त्यागी ने बताया कि इस प्रथा को संत विजयानंद का आशीर्वाद मानते हुए समस्त गांववासी अपनी बहन बेटियों व मान्य धान्य को उत्साह के साथ आमंत्रित करते हैं। इससे नई पीढ़ी को अपने सभी रिश्तेदारों, परिजनों की जानकारी व भेंट करने का अवसर मिलता है।

# कल होगा कल्याण मंदिर विधान का आयोजन

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर परेड चौराहे में श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति के समक्ष 29 मार्च को जैन साध्वी विश्रेय श्री माता जी के सानिध्य में विश्व शांति हेतु कालसर्प निवारण कल्याण मंदिर विधान का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 7:00 बजे किया जाएगा आयोजन का महत्व बताते हुए जैन साध्वी विश्रेय श्री माता जी ने बताया कि भगवान की प्रतिमा पर अभिषेक व विश्व शांतिधारा उपरांत यह विधान होगा। माताजी ने कहा कि यह कल्याण मंदिर विधान सर्व उपद्रव को नष्ट करने वाला व सर्व सिद्धि दायक विधान है।यह विधान सातिशय पुण्यवर्धक है। उन्होंने कहा कि इसमे हम भावना भाते है कि हमारा जीवन कल्याण का मंदिर बन जाए।



# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर कमेटी के चुनाव 31 मार्च को

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर मुरैना की प्रबंध कार्यकारिणी के गठन हेतु इनदिनों चुनाव प्रक्रिया चल रही है जिसके तहत 31 मार्च को मतदान होना है। उपरोक्त निर्वाचन प्रक्रिया के निर्वाचन अधिकारी सुनील जैन बीमा वालों ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त निर्वाचन में अध्यक्ष पद के फॉर्म वापसी दिनांक के पश्चात् दो उम्मीदवार अनिल जैन व्याख्याता एवं पदम चंद्र जैन चैटा वाले शेष बचे हुए थे, जिसमें से फार्म वापसी 17 मार्च की तारीख निकालने के पश्चात् 20 मार्च को पदमचंद जैन द्वारा अपना समर्थन





अनिल जैन के पक्ष में दिया गया था और इसी आधार पर अनिल जैन व्याख्याता के समर्थकों द्वारा इस आशय की। आपत्ति चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की थी कि अध्यक्ष पद पर चुनाव न कराया जाए और अनिल जैन व्याख्याता को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया जाए, जबकि पदमचंद जैन द्वारा जो नाम वापसी का आवेदन दिया गया था वह आवेदन नाम वापसी की तारीख निकालने के बाद दिया गया था। ऐसी स्थिति में अनिल जैन व्याख्याता को नियम अनुसार निर्विरोध अध्यक्ष घोषित नहीं किया जा सकता है। जिस पर 26 मार्च को निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपरोक्त सभी आपत्तियों को निरस्त करते हुए अध्यक्ष पद पर चुनाव किया जाना सुनिश्चित कर दिया है।

# बरगद चौराहा पोरसा से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/पोरसा।** स्थानीय वाशिंदों ने बरगद चौराहा पोरसा से स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने की मांग प्रशासन व नपा अधिकारियों से की है। वाशिंदों का कहना है कि भिंड-मुरैना रोड पर अस्थाई दुकानदारों द्वारा 40 फीट चौड़ी रोड को केवल 10 फीट चौड़ी बना दी है, जिस कारण चार पहिया तथा भारी वाहन निकलने में भारी परेशानी होती है, आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। विद्युत विभाग की बिजली की लाइन रोड के बीचो-बीच में होने के कारण उस पर रखी डीपी कई बार वाहनों से टकरा जाती है जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय वाशिंदों ने मांग की है कि उक्त समस्या का समाधान किया जाए।

# शराब पीने से रोका तो देवर-भाभी की कर दी पिटाई

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** घर के बाहर शराब का सेवन करने से रोका तो शराब पी रहे लोगों ने देवर और भाभी पर लाठी, डण्डों से हमला बोल दिया। हमले में देवर-भाभी को गंभीर चोटें आईं है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के उत्तमपुरा इलाके में रहने वाले विनोद बाल्मीक के घर के सामने बुधवार की सुबह पड़ौस में रहने वाले महेश बाल्मीक वगैरह शराब पी रहे थे। विनोद के भाई राहुल बाल्मीक 40 पुत्र रामौतार ने उन्हें वहां शराब पीने से मना किया तो महेश ने अपने पुत्र गोलू, दामाद संजय सहित आधा दर्जन लोगों के साथ मिलकर लाठी, डण्डे और तलवार से लैस होकर उनके ऊपर हमला बोल दिया। राहुल को बचाने के लिए उसकी भाभी सुनीता 45 पत्नी विनोद बाल्मीक मौके पर पहुंचीं तो आरोपियों ने उसकी भी मारपीट कर डाली। हमले में दोनों देवर-भाभी को गंभीर चोटें आईं है। उन्हें जिला अस्पताल के सर्जीकल वार्ड में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

# प्रांतीय बैठक में संभागीय अध्यक्ष रखेंगे शिक्षा और शिक्षकहित से जुड़े ज्वलंत मुद्दे

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** शिक्षा, छात्र, शिक्षक हितों व संगठनात्मक विषयों पर मंथन के लिए 29 मार्च को होने जा रही मप्र शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में मुरैना चंबल संभाग से संगठक के पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। राजधानी भोपाल में होने वाली बैठक के लिए मुरैना चंबल संभाग से अपेक्षित पदाधिकारी आज



रात को संभागीय अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में रवाना होंगे। बैठक में प्रदेश भर से सैकड़ों पदाधिकारी मुख्य तौर पर शिक्षा, छात्र, शिक्षक हित मे विभिन्न मुद्दों पर मंथन करेंगे। बैठक के लिए जाने से पूर्व पदाधिकारियों से चर्चा में संभागीय अध्यक्ष डॉ. सिकरवार कहा कि प्रांतीय निर्वाचन के बाद होने वाली इस पहली कार्यकारिणी की बैठक में जिलेवार समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा एक विशेष सत्र में शिक्षक समस्याओं के निराकरण की कार्ययोजना भी तय की जाएगी। संभागीय अध्यक्ष डॉ. सिकरवार ने बताया कि कर्तव्य कार्यक्रम का ब्योरा, गत वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, के साथ शिक्षकीय समस्याओं पर मंथन एवं निदान पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा शिक्षकों की रिटायरमेंट आयु 65 वर्ष करने, लंबित महगाई भत्ता , गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने की शिक्षकों की मांग को जोर शोर से रखेंगे।

# दादी जानकी जी का स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र पोरसा की ब्रह्माकुमारी पाठशाला रामनगर मुरैना में आज संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी जी के चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें दतिया से आई ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी जी ने दादी जी के जीवन के अनुभव सुनाए। 46000 बहनों की अलौकिक मां 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे विश्व की सेवा में सक्रिय रहीं। अलसुबह ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4:00 बजे से हो जाती थी ध्यान मग्न। विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला का है वर्ल्ड रिकॉर्ड। ऐसे अद्भुत व्यक्तित्व की धनी है मां दादी जानकी जी। दुनिया भर के 140 देश में फैले प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी का जीवन अध्यात्म का प्रेरणापुंज है। ब्रह्माकुमारीज विश्व की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो नारी शक्ति द्वारा संचालित है।

दादी जी को विदेश सेवा के दौरान कई देशों में अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से भी नवाजा गया इसके अलावा भारत में भी कई अवार्ड से पुरस्कृत किया गया दादी जी के नेतृत्व में संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का सफल आयोजन हुआ, जिसमें देश भर के कई प्रतिनिधि भाग लेते रहे । दादी जानकी जी ने योग की शक्ति से स्वयं को इतना सशक्त और भरपूर किया था की जो भी आपके सानिध्य में आता वह प्रभावित हुए बिना रह नहीं पाता। योग का ही कमाल है कि आप उम्र को भी मात देते हुए जीवन के 103 वर्ष की आयु में भी युवाओं जैसे उत्साह से भरपूर रहीं। यही कारण है कि लाखों लोगों की प्रेरणा स्रोत दादी मां का एक-एक कर्म व्यवहार और एक-एक वाक्य अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है तो हम सभी भी दादी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर ऐसा तपस्वी सफल जीवन बनाएंगे यही हमारी दादी जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है।

# हम सभी को रंगों की तरह घुल मिलकर रहना चाहिए : अनीता गुप्ता



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/अम्बाह।** माथुर वैश्य ग्लोबल अम्बरीष क्लब अम्बाह द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया, जिसमें जमकर होली का जश्न मनाया गया। इस मौके पर श्रीमती अनीता गुप्ता ने उपस्थित सभी सदस्याओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को रंगों की तरह एक-दूसरे से घुल-मिलकर रहना चाहिए तभी हम समाज व देश-प्रदेश उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि होली प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। हमें पुराने अपनी सभी गिले-शिकवे भुलाकर इस त्योहार को एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए।

इस मौके पर राधा-कृष्ण पर नाटिका का भी मंचन किया गया। जिसमें सदस्याओं ने नृत्य व संगीत में अपना हुनूर दिखाते हुए खूब धमाल मचाया। इस मौके पर प्रतियोगिताओं की विजेता सदस्याओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए व स्वादिष्ट स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन किया गया। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

# कांग्रेस ने जिला प्रभारी-सहप्रभारियों में परिवर्तन कर नवीन दायित्व सौंपे

## म.प्र. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की पूर्व जिला प्रभारी-सहप्रभारी के कार्यों की सराहना

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव म.प्र. प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा संगठनात्मक स्तर पर जिले में नियुक्त जिला प्रभारियों एवं सह प्रभारियों के दायित्वों में परिवर्तन कर नवीन दायित्व सौंपे गये हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि जिलों में संगठनात्मक स्तर पर कांग्रेसजनों को सौंपे गये, जिला प्रभारी-सह प्रभारी के नवीन दायित्व निम्नानुसार हैंः- मुरैना-प्रभारी सुनील शर्मा-सहप्रभारी अनुरूद्ध सिंह, श्योपुर प्रभारी दिनेश गुर्जर-सहप्रभारी रामहरि शर्मा, दतिया प्रभारी भगवान सिंह तोमर-सहप्रभारी सुनील सोनू कुशवाहा, भिंड प्रभारी वासुदेव शर्मा-सहप्रभारी अमित राय, ग्वालियर प्रभारी बैजनाथ कुशवाह-सहप्रभारी पंजाब सिंह यादव को बनाया गया है। श्री पटवारी ने पूर्व में जिला प्रभारियों-सहप्रभारियों को सौंपे गये दायित्व अनुसार उनके द्वारा पार्टी और संगठनात्मक कार्यों में किये गये सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर उनके कार्यों की सराहना की है।

# देवगढ़ पुलिस ने अवैध कट्टाधारी दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा अवैध हथियार तस्करों, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, ईनामी फरारी बदमाशों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एव एस.डी.ओ.पी. जौरा नितिन बघेल के कुशल मागदर्शन में उनि. अरूण सिंह कुशवाह थाना प्रभारी देवगढ़ को जरिए विश्वसीनय मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति थाना क्षेत्र मे दशहत फैलाने के उद्देश्य से अवैध कट्टा लिय हुए ताजपुर नहर की पुलिया के पास कहीं घूम रहा है। मुखबिर की उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी देवगढ़ द्वारा मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर देखा तो मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से पकड़ा गया एवं उक्त व्यक्ति की चैकिंग की गई तो उसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं जिंदा राउण्ड रखा हुआ पाया गया। जिसे मौके पर से ही जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तदोपरांत थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।


उत्तर मध्य रेलवे

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झांसी मंडल के दतिया-डबरा खण्ड के मध्य दिनांक 28/29.03.24 को तीसरी लाइन पर तीव्र गति से रेल लाइन का स्पीड ट्रायल टेस्ट किया जाना है। अतः आम नागरिकों, वाहन चालकों, किसानों एवं चरवाहो को अवगत कराया जाता है कि उक्त खण्ड में लाइन के आस-पास जानवरों को न आने दे एवं रेल लाइन को पार करते समय उपरगामी / अधोगामी पुल से ही रेल लाइन पार करें एवं आवश्यक सावधानी बरतें। उक्त स्पीड ट्रायल के दौरान रेल लाइन पर यदि कोई दुर्घटना होती है तो रेल प्रशासन का कोई उत्तर दायित्व नहीं होगा।

564/24(DG) वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, झांसी

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

# स्व. विरही को सिंधिया ने दी श्रद्धांजलि



**ग्वालियर।** शिवपुरी के राष्ट्रकवि स्वर्गीय प्रोफेसर परशुराम विरही के निधन पर केन्द्रीय नागरिक उडडयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को उनके निज निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र तथा परिजनो को ढाँढस देकर शोक सँवेदना व्यक्त कर मृतात्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना की। स्व. श्री विरही के निज निवास पर पहुंचे शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे श्री सिंधिया ने कहा कि उनके परिवार और सिंधिया परिवार का एक गहरा रिश्ता रहा है। इस अवसर पर स्व. विरही के पुत्र अनुपम शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार सरदार गुरशरण सिंह भी उपस्थित थे।

# मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन ने मनाया होली मिलन समारोह

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन जिला संघ द्वारा कार्यालय अभियंता सदन गोलघर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा सभी अभियंताओं को आपसी गले शिकवे खत्म कर गले मिलकर अबीर लगाकर होली की बधाई दी।

इंजी. भदौरिया ने संघ की विभिन्न मांगों को लेकर आचार संहिता के बाद मनवाने के लिए एकजुट होने का संदेश दिया। होली मिलन समारोह में जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर निगम, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के विभिन्न अभियंताओं एवं सेवा निवृत अभियंताओं के द्वारा भी होली मिलन समारोह अबीर गुलाल लगाकर मनाया गया। होली मिलन समारोह में एलएन गुप्ता सेवानिवृत, जिलाध्यक्ष दिलीप गुप्ता प्रांतीय पदाधिकारी, इंजी उमेश गोयल क्षेत्रीय सचिव, जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, जिला सचिव संजीव जैन, विभागीय अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग इंजी सतीश जैन, इंजी प्रीतम सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष इंजी शैलेन्द्र सक्सैना, इंजी अजय जैन, इजी अवधेश गुप्ता, इंजी प्रकाश अहिरवार, इंजी दिनेश बंसल, इंजी यशवंत अष्टपुत्रे, इंजी रामस्वरूप सिंह कुशवाह आदि मौजूद थे।




# जेसीआई ने फूलों से होली खेलकर मनाया होली मिलन समारोह

**ग्वालियर।** जेसीआई ग्वालियर प्रेरणा संस्था द्वारा 'होली मिलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेसीआई सीनेटर अजीत गुप्ता, आईपीपी जेएफएम वंशिका रजवाड़े मेम संस्था की संरक्षक जेएफडी शीतल गर्ग उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंकिता माहेश्वरी ने की।

कार्यक्रम की संयोजिका जेसी शिल्पा अग्रवाल और जेसी प्रियंका सिंघल रही। सदस्यों ने व्यंजन प्रातियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में राधाकृष्ण का नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। वहीं सदस्यों ने डांस और फूलों की होली खेलकर समा बांधा। हाउसी में जेसी पूर्वी मंगल, जेसी पल्लवी अग्रवाल, जेसी सोनी अग्रवाल, थाली सजाओ प्रतियोगिता में जेसी सुनीता गोयल को प्रथम और जेसी रामा अग्रवाल, जेसी दीपा जैन, जेसी ऋतु अग्रवाल को भी पुरुस्कृत किया गया, खेल में जेसी रानी गोयल व जेसी शिखा शर्मा को प्राइज मिला। सरप्राइज में जेसी सोनी अग्रवाल विजय रही।



# विपक्षी दल मायाजाल फैलाकर देशवासियों को भ्रमित कर रहे, कार्यकर्ता तथ्यों से जवाब दें : हितानंद

## प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने सागर में जिला पदाधिकारियों एवं मोर्चा व प्रकोष्ठों की संयुक्त बैठक को किया संबोधित

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर हरे हैं। भारतीय जनता पार्टी वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रही है। भारत को विश्व गुरू बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार ही कार्य कर सकती है। इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्य करें। विपक्षी दल भाजपा और भाजपा सरकार को लेकर अनर्गल और मनगढंत आरोप लगाकर, मायाजाल फैलकर देशवासियों को भ्रमित करने का कार्य कर रही हैं। पार्टी कार्यकर्ता विपक्षी दलों के लोगों को भ्रमित करने वाली बातों का तथ्यों के साथ करारा जवाब दें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने सागर में जिला पदाधिकारियों एवं मोर्चा, प्रकोष्ठों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री रहते हुए कोई भी देश भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं कर सकता। बैठक को जिला अध्यक्ष श्री गौरव सिरोठिया ने भी संबोधित किया।



**370 से अधिक सीटों के साथ जीतना आवश्यक**

प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा को तय करने वाला चुनाव है। यह देश की प्रतिष्ठा का चुनाव है। भाजपा 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रही है। भारत विश्व गुरू तभी बन सकता है, जब देश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बने और श्री नरेन्द्र मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कराकर वहां भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा कराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी को कई ऐतिहासिक कार्य करने हैं, जिसके लिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 और भाजपा गठबंधन को 400 से अधिक लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। आप सभी कार्यकर्ता हर बूथ पर 370 नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के साथ 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने के लिए कार्य करें। पार्टी देश में 370 से अधिक और प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करे, इसके लिए आप सभी मोर्चा, प्रकोष्ठों और जिला जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण जवाबदारी व सक्रियता से करें।

विपक्ष पार्टियों का असली चेहरा आम जनता के सामने उजागर करें श्री हितानंद जी ने कहा कि देश की विपक्षी पार्टियां मायाजाल फैलाकर देशवासियों को भ्रमित करने का कार्य कर रही हैं, जबकि सच्चाई इसके ठीक विपरीत है। इसलिए आप सभी पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता के सामने विपक्षी दलों की सच्चाई व असली चेहरा आम जनता के सामने लाने का कार्य करें। विपक्षी दलों के मिथ्या व मनगढंत आरोपों का पार्टी कार्यकर्ता तथ्यों के साथ जवाब दें। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री व विधायक श्री भूपेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े, प्रदेश मंत्री व लोकसभा प्रभारी श्री प्रभुदयाल पटेल, विधायक श्री शैलेंद्र जैन, श्री प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष श्री गौरव सिरोठिया, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिला महामंत्री श्री श्याम तिवारी, श्री अमित कचवाहा व श्री मोनू चौहान मंचासीन रहे।

## लोकसभा निर्वाचन - 2024

# 64 अभ्यर्थियों ने भरे 89 नाम निर्देशन पत्र

**अब तक कुल 113 अभ्यर्थियों द्वारा 153 नाम निर्देशन पत्र दाखिल**

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज पूरी हुई। 27 मार्च को 64 अभ्यर्थियों ने 89 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। अधिसूचना जारी होने से 27 मार्च तक कुल 113 अभ्यर्थियों द्वारा 153 नाम निर्देशन पत्र भरे गये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि 27 मार्च तक लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी में 22 अभ्यर्थी द्वारा 30 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-12 शहडोल(अजजा) में 10 अभ्यर्थी द्वारा 14 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-13 जबलपुर में 22 अभ्यर्थी द्वारा 33 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-14 मंडला (अजजा) में 16 अभ्यर्थी द्वारा 18 नाम निर्देशन पत्र, लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-15 बालाघाट में 19 अभ्यर्थी द्वारा 27 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-16 छिन्दवाड़ा में 24 अभ्यर्थी द्वारा 31 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार, 28 मार्च को होगी।

श्री राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार, 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

# सिंधिया स्कूल किला पर आज से प्रारंभ होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधिया स्कूल दुर्ग ग्वालियर में 19वीं महाराज माधवराव सिंधिया स्मृति अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 मार्च से 01 अप्रैल 2024 के बीच किया जा रहा है। भारत के विभिन्न भागों से 10 विद्यालय कल इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। जिनके नाम इस प्रकार है- मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल, राई, हरियाणा, राजकुमार कॉलेज, राजकोट, यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, मोहाली, जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, नोएडा, डेली कॉलेज, इंदौर, यादवेंद्र पब्लिक स्कूल पटियाला, बिशप कॉटन स्कूल, शिमला, राजकुमार कॉलेज, रायपुर, मानिक पब्लिक स्कूल, मानिक नगर और मेजबान सिंधिया स्कूल। यह टूर्नामेंट 'लीग कम कम नॉकआउट बेसिस' पर खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट टर्फ और मैटिंग विकेट पर खेला जाएगा। इस मैच के दोनों सेमीफाइनल 31 मार्च को और फाइनल 01 अप्रैल को खेला जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 28 मार्च को प्रातः 8:00 बजे सिंधिया स्कूल परिसर के माधव पवेलियन ग्राउंड पर आयोजित किया गया है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आप सभी पत्रकार बंधु इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए सादर आमंत्रित हैं। आशा है हमेशा की तरह आप सबका सहयोग बना रहेगा।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के लिए संयोजक व सह संयोजक मनोनीत किए

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा संयोजक व सह संयोजक, प्रभारी व सह प्रभारी मनोनीत किए गए हैं। इनमें मुरैना लोकसभा क्षेत्र से सह संयोजक बृजकिशोर डण्डौतिया, ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से संयोजक जयसिंह कुशवाह, सह संयोजक प्रह्लाद भारती व वीरेन्द्र जैन, मण्डला से सह संयोजक मुकेश बघेल, होशंगाबाद से सह संयोजक हरीप्रताप सिंह, खरगोन से संयोजक बालकृष्ण पाटीदार, इसी तरह भिण्ड लोकसभा क्षेत्र से सह प्रभारी ओपीएस भदौरिया, शहडोल से प्रभारी शरदेन्दु तिवारी, सह प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय, भोपाल से प्रभारी कमल पटेल को बनाया गया है।

# अभ्यर्थी सहित 5 व्यक्ति ही आरओ कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अभ्यर्थियों को सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ ऋह कक्ष में आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। इनको एक साथ या पृथक से जमा किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्रॉफी भी कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण की अधिसूचना 28 मार्च को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

# 29, 30 एवं 31 मार्च को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 29, 30 एवं 31 मार्च को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि 29 मार्च (शुक्रवार) गुडफ्रायडे, 30 मार्च (शनिवार) तथा 31 मार्च (रविवार) को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे।

भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग तथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन में भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि नगर राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन तथा आईसेक्ट के कियोस्क के माध्यम से बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

# डेढ़ करोड़ रूपये नगदी सहित 31 करोड़ 92 लाख से अधिक मूल्य की सामग्रियाँ जब्त

**नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ, अमूल्य धातु की हुई जब्ती**

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता 16 मार्च, 2024 से प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च से 26 मार्च तक 1 करोड़ 58 लाख 76 हजार 450 रूपये नगद राशि सहित 31 करोड़ 92 लाख 54 हजार 401 रूपये मूल्य की सामग्रियाँ जब्त की गयी हैं। इस दौरान 6 लाख 58 हजार 157 लीटर मदिरा भी जब्त की गयी है, इसका मूल्य 10 करोड़ 56 लाख 21 हजार 800 रूपये है।

इसी तरह 4 करोड़ 53 लाख 33 हजार 8 रूपये मूल्य के 8 हजार 696 किलोग्राम ड्रग्स और 3 करोड़ 32 लाख 52 हजार 934 रूपये मूल्य की 152 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ जब्त की गई हैं। साथ ही 11 करोड़ 91 लाख 70 हजार 209 रूपये मूल्य की अन्य सामग्रियाँ (रेडीमेड, गारमेंटस् आदि) जब्त की गई हैं।

# उपाय एप के जरिए होगा विद्युत शिकायत का समाधान

भोपाल। विद्युत संबंधी शिकायत के निराकरण के लिये उपाय एप के माध्यम से आसानी से समाधान किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने मोबाइल में उपाय एप डाउनलोड करना होगा। आंधी, तूफान एवं अन्य कारणों से होने वाले विद्युत व्यवधान के निराकरण के लिए भी उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप को डाउनलोड कर अपनी शिकायत का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने बताया है कि बिजली उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से इस एप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। उपभोक्ता मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करने के साथ ही शिकायत की स्थिति भी जान सकते हैं। साथ ही बिजली बिल भी आसानी से घर बैठे ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। बिजली उपभोक्ताओं के लिए उपाय एप के अनेक फायदे हैं। उपाय एप के रजिस्टर कम्पलेंट ऑप्शन्स की सहायता से विद्युत व्यवधान या बिल संबंधी शिकायत दर्ज कर शिकायत क्रमांक प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत के निराकरण की स्थिति भी उपाय एप के माध्यम से जान सकते हैं। अपने वर्तमान बिल को डाउनलोड करने के साथ ही बिल भुगतान भी किया जा सकता है।

# चुनाव में भाजपा को बहुमत दिलाने के लिए कार्यकर्ता सेतु की तरह लग जाएं: प्रभात झा

**ग्वालियर ।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत के साथ जिताने के लिए कार्यकर्ता सेतु की तरह लग जाएं। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए है। भारतीय जनता पार्टी अपने विचारधारा को लेकर चुनाव भी महासागर में आ चुकी है। कार्यकर्ता अपनी पराकाष्ठा के साथ प्रत्येक समाज तक पहुंचकर संपर्क करें। इस चुनाव को कार्यकर्ता स्वयं अपने प्रत्याशी बनाकर लड़ना है। यह बात बुधवार को पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा ने किडीज कॉर्नर स्कूल, नया बाजार में आयोजित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल तथा तेरापंथी धर्मशाला, नई सड़क पर आयोजित अटल विहारी वाजपेयी मंडल के मंडल सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कही।



मंडल सम्मेलनों में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री झा ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है। वह मात्र झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर राजनीतिक षड्यंत्र के साथ सत्ता हथियाना का प्रयास करती हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर उनके विकास के लिए कार्य करती है। सम्मेलनों में भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक काम की जिम्मेदारी केवल मंडल अध्यक्ष की नहीं है, हम सब की जिम्मेदारी है। हर कार्यकर्ता मेहनत के साथ कार्य में लगे यही मेरी आप सभी से अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी, जनहितैषी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। लोकसभा चुनाव के लिए समय कम बचा है, अब हमें अपने बूथ, शक्ति केन्द्र पर वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर चुनाव प्रबंधन कार्य में जुट जाना है।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक विवेक जोशी, विधानसभा प्रभारी सुसेंद्र परिहार, मण्डल अध्यक्ष अमित बंसल, चुनाव प्रबंधन समिति के सह प्रभारी सुनील श्रीवास्तव, सभापति मनोज तोमर, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी आदि उपस्थित थे।

# बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर वोट डलवाने के लिये दिया प्रशिक्षण

**ग्वालियर ।** घर पर वोट डलवाने के दौरान घोषणा पत्र भरवाने में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं की मदद करें। साथ ही घोषणा को सत्यापित करते समय हस्ताक्षर के साथ अपना नाम, पदनाम एवं कार्यालय का नाम स्पष्ट रूप से लिखें, जिससे डाक मत पत्र निरस्त न हों। यह निर्देश अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार ने जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में डाक मतपत्र डलवाने की प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण के दौरान दिए।

प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों को बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट डलवाने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। डाक मतपत्र व ईडीसी के प्रभारी अधिकारी अशोक चौहान एवं प्रदेश स्तरीय मास्टर ट्रेनर एसबी ओझा ने कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशानुसार अक्षरशरू पालन कर घर-घर जाकर बुजुर्गों व दिव्यांगों के वोट डलवाएँ। मतों की गोपनीयता का पालन कराने में जरा सी भी ढ़िलाई न हो। उन्होंने बताया कि एसेंसियल सर्विस में शामिल विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को भी डाक मत पत्र की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिये इन्हें फॉर्म-12 भरना होगा। उल्लेखनीय है कि जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 7 हजार 249 मतदाता हैं। जिनमें 2 हजार 942 पुरूष, 4 हजार 305 महिला व 2 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले में 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं की संख्या 12 हजार 4 है। जिसमें 7 हजार 65 पुरूष दिव्यांग व 4 हजार 939 महिला दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी की सीईओ एवं कम्युनिकेशन प्लान की नोडल अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर भी मौजूद रहीं। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एसबी ओझा द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया।



स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।